नेशनल प्रेस टाइम्स
नई दिल्ली, गुरुवार
13 फरवरी 2025
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 10, अंक : 327 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579



## ट्रम्प से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री को उठाना चाहिए 2 टी का मुद्दा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्टील और एल्युमीनियम पर आयात शुल्क में बिना किसी अपवाद या छूट के 25% की वृद्धि की। व्हाइट हाउस ने एक प्रेस नोट में कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प अनुचित व्यापार प्रथाओं और स्टील और एल्यूमीनियम की वैश्विक डंपिंग को समाप्त करने के लिए कार्रवाई कर रहे हैं। इस निर्णय पर कड़ी वैश्विक प्रतिक्रियाएँ आईं। यूरोपीय संघ ने जवाबी कदमों को लागू करने की कसम खाई है, जबकि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने टैरिफ को "पूरी तरह से अनुचित" करार दिया और कड़ी प्रतिक्रिया की कसम खाई।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी बैठक के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से दो महत्वपूर्ण मुद्दों टैरिफ और भारतीय प्रवासियों के साथ व्यवहार को संबोधित करने का आग्रह किया। खड़गे ने अमेरिकी प्रशासन द्वारा स्टील और एल्युमीनियम आयात पर 25% टैरिफ लगाने पर प्रकाश डाला, इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के उपायों से भारत के विनिर्माण पर गंभीर असर पड़ेगा। खरगे ने कहा कि किसी भी देश के लिए 'कोई छूट नहीं, कोई अपवाद नहीं' के साथ एल्यूमीनियम और स्टील के आयात पर 25% टैरिफ का भारत के विनिर्माण पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। यह देखते हुए कि अमेरिका हमारे सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है, हमें पारस्परिक रूप से लाभकारी ढांचे के साथ दोनों देशों के लिए घनिष्ठ व्यापार संबंध बनाने चाहिए।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्टील और एल्युमीनियम पर आयात शुल्क में बिना किसी अपवाद या छूट के 25% की वृद्धि की।

शेष पेज 2 पर

# सीएम योगी बोले- जो लोग कुंभ की व्यवस्थाओं पर उठा रहे थे सवाल, अब खुद ही चुपचाप डुबकी लगाकर आ रहे



बागपत । सीएम योगी ने बुधवार को बागपत में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय अजित सिंह की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधा।

छपरौली के श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रालोद के संस्थापक व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की प्रतिमा का बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने अनावरण किया। इसके साथ ही सीएम ने 351 करोड़ की 281 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह उनके साथ रहे।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वेस्ट यूपी के किसानों ने खेती की उन्नत तकनीक अपनाकर अपना विकास किया है। चौधरी अजित सिंह भी कहते थे कि देश के विकास का रास्ता खेत और किसान से होकर गुजरता है। उसी से प्रेरणा लेकर हम किसानों के हित की दिशा में काम कर रहे हैं।

सीएम ने कहा कि जो लोग कुंभ की व्यवस्थाओं पर अंगुली उठा रहे थे, वे अब चुपचाप डुबकी लगाकर आ रहे हैं। 26 फरवरी तक कुंभ भव्यता से चलता रहेगा और श्रद्धालु लाभ उठाते रहेंगे।

शेष पेज 2 पर

# संगम की बूदों में उफनाया माघी पूर्णिमा का अनंत विश्वास

## आस्था के तटबंधों को तोड़कर उमड़ा जन सागर





महाकुंभ नगर (प्रयागराज) माघी पूर्णिमा पर संगम में आस्था की अनंत बूदों में श्रद्धालुओं ने भक्ति की डुबकी लगाई। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन में हिस्सा बनने के लिए देश के कोने-कोने से श्रद्धालु संगम की रेती पर पहुंच रहे हैं।

पूजहिं माधव पद जलजाता/ परसि अखय बटु हरषहिं गाता...। संत तुलसी की इस चौपाई का आशय है कि गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती की पावन त्रिवेणी में डुबकी लगाकर ऋषि-मुनि,देव-दनुज सभी संगम रूपी सिंहासन पर विराजमान जगत के स्वामी भगवान श्रीहरि माधव के चरण कमल को पूज कर धन्य हो जाते हैं। साथ ही अक्षयवट का स्पर्श कर उनके तन-मन के ताप-संताप हमेशा के लिए मिट जाते हैं।

विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ के पांचवें सबसे बड़े स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर एक बार फिर संगम की यही महिमा जगव्यापी श्रद्धा की अमृतमयी बूंदों के स्पर्श की अकुलाहट में साकार हुई। आधी रात से ही माघी पूर्णिमा की पावन डुबकी के लिए मचलता जन सागर दिन भर आस्था के तटबंधों को तोड़कर छलकने के लिए आतुर रहा।मेला प्रशासन ने दोपहर दो बजे तक 12 किमी लंबे संगम के 42 घाटों पर 1.83 करोड़ श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का दावा किया।

शेष पेज 2 पर

## मुफ्त की योजनाओं के एलान से सुप्रीम कोर्ट नाराज

# बंद होंगी फ्री वाली योजनाएं?

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त के वादे करने पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि लोगों को अगर राशन और पैसे मुफ्त मिलते रहेंगे तो इससे लोगों की काम करने की इच्छा नहीं होगी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की। याचिका में बेघर लोगों को शहरी इलाकों में आश्रय स्थल मुहैया कराने की मांग की गई थी।




सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि मुफ्त वाली योजनाओं के चलते लोग काम नहीं करना चाहते। उन्हें मुफ्त राशन मिल रहा है और उन्हें बिना कोई काम किए पैसे मिल रहे हैं। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने पीठ को बताया कि सरकार ने शहरी इलाकों में आश्रय स्थल की योजना को बीते कुछ वर्षों से फंड देना बंद कर दिया है। इसके चलते इन सर्दियों में 750 से ज्यादा बेघर लोग ठंड से मर गए। याचिकाकर्ता ने कहा कि गरीब लोग सरकार की प्राथमिकता में ही नहीं हैं और सिर्फ अमीरों की चिंता की जा रही है। इस टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई और कहा कि अदालत में राजनीतिक बयानबाजी की इजाजत नहीं दी जाएगी।

जस्टिस गवई ने कहा कि कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन क्या बेघर लोगों को समाज की मुख्यधारा में शामिल नहीं किया जाना चाहिए, ताकि वे भी देश के विकास में योगदान दे सकें। क्या हम इस तरह से परजीवियों का एक वर्ग तैयार नहीं कर रहे हैं? मुफ्त की योजनाओं के चलते, लोग काम नहीं करना चाहते। उन्हें बिना कोई काम किए मुफ्त राशन मिल रहा है।

केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार शहरी इलाकों में गरीबी को मिटाने के लिए प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रही है।

शेष पेज 2 पर

## पीएम मोदी और मैक्रों की मुलाकात

# द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती और वैश्विक चुनौतियों के समाधान पर हुई बात

पेरिस। पीएम नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर बात हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने अपने द्विपक्षीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के साझा दृष्टिकोण और वैश्विक चुनौतियों के समाधान पर बात की।

पीएम नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर बात हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने अपने द्विपक्षीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के साझा दृष्टिकोण और वैश्विक



चुनौतियों के समाधान पर बात की।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने जनवरी 2024 में राष्ट्रपति मैक्रों की भारत की राजकीय यात्रा की थी। इससे पहले जुलाई 2023 में प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कुछ मुद्दों पर सहमति बनी। वार्ता के दौरान 2047 रोडमैप पर चर्चा हुई। यह रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर बैस्टिल दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में होगा। उन्होंने अपने द्विपक्षीय सहयोग में हासिल की गई प्रगति की सराहना की और इसे तेज करने की प्रतिबद्धता जताई।

शेष पेज 2 पर

## बसपा सुप्रीमो मायावती का बड़ा एक्शन

# आकाश आनंद के ससुर को पार्टी से निकाला

लखनऊ । बसपा सुप्रीमो मायावती ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व सांसद डॉ. अशोक सिद्धार्थ व मेरठ के नितिन सिंह को गुटबाजी और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण निष्कासित कर दिया।



बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुटबाजी और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के आरोप में आकाश आनंद के ससुर डॉ. अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ. अशोक सिद्धार्थ की बेटी से आकाश आनंद की शादी हुई है। डॉ. अशोक सिद्धार्थ के पिता बसपा संस्थापक कांशीराम के सहयोगी रहे हैं।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर मायावती ने कहा कि बसपा की ओर से खासकर दक्षिणी राज्यों के प्रभारी रहे डॉ. अशोक सिद्धार्थ पूर्व सांसद व नितिन सिंह जिला मेरठ को, चेतावनी के बावजूद भी गुटबाजी आदि की पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण पार्टी के हित में तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाता है।

शेष पेज 2 पर

## आम आदमी पार्टी | क्यों खामोश हैं अरविंद केजरीवाल

# दिल्ली में ही क्यों बुलाई पंजाब के विधायकों की बैठक?

**दिल्ली** । एक दिन दिल्ली में जीते हुए विधायकों के साथ बैठक हुई। इस बैठक के बाद आतिशी ने अपना वक्तव्य दिया। वहीं, मंगलवार को पंजाब के विधायकों और नेताओं के साथ आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की बैठक हुई।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव खत्म हो चुका है। भाजपा ने जबरदस्त जीत हासिल की है। वहीं, अरविंद केजरीवाल की नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। हालांकि दिल्ली चुनाव के नतीजे खुद के खिलाफ जाने के बाद अरविंद केजरीवाल सिर्फ एक बार मीडिया के सामने आए हैं। वह नतीजे के ही दिन मीडिया के सामने आए और कहा कि हम दिल्ली के लोगों का दिया हुआ जनादेश स्वीकार करते हैं। हम मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। लेकिन आम आदमी पार्टी को लेकर चल रही तमाम अटकलों के बावजूद अरविंद केजरीवाल और पार्टी के बड़े नेता पिछले तीन-चार दिनों से खामोश हैं।

एक दिन दिल्ली में जीते हुए विधायकों के साथ बैठक हुई। इस बैठक के बाद आतिशी ने अपना वक्तव्य दिया। वहीं, मंगलवार को पंजाब के विधायकों और नेताओं के साथ आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की बैठक हुई। उसके बाद भगवंत मान ने बाहर तमाम बातें कहीं। लेकिन अरविंद केजरीवाल मीडिया के फ्रेम से पूरी तरीके से बाहर दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर अरविंद केजरीवाल कहां है? उनके दिमाग में क्या चल रहा है? जानकारी के मुताबिक अब तक जितनी



बैठक हुई है, एक को छोड़कर सारी अरविंद केजरीवाल के निवास पर ही हुए। पंजाब के विधायकों के साथ अरविंद केजरीवाल ने कपूरथला हाउस में बैठक की थी। हालांकि, मीडिया के सामने उनकी एक भी तस्वीर नहीं आई। हमेशा मीडिया में रहने वाले अरविंद केजरीवाल फिलहाल तस्वीर से पूरी तरीके से गायब हैं इसलिए उनको लेकर कई सवाल उठ रहे हैं।

शेष पेज 2 पर

# मेरी आवाज सुनो जन कल्याण समिति की जिला अध्यक्ष बनी चांदनी जैन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



बागपत। मदर मैरी स्कूल पट्टी चौधरान बड़ौत में मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति की बैठक हुई, बैठक में जनपद बागपत की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चांदनी जैन का पश्चिम उत्तर प्रदेश की संरक्षक रेनू शर्मा के नेतृत्व में मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति की सभी पदाधिकारियों ने गर्म जोशी से स्वागत किया और उनसे संगठन को मजबूत करने में, गरीब असहाय पीड़ित वंचित लोगों की सेवा करने का आश्वासन लिया।

संस्था की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चांदनी जैन ने स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कहा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा जी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मुझे दी है मैं शत प्रतिशत अनुशासन का पालन करते हुए अपने शीर्ष पदाधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए पूरे जनपद बागपत में संस्था के लिए ईमानदार व मजबूत पदाधिकारी बनाऊंगी, जिससे कि वे लोग जनता की सेवा करने मे कोई कोताही ना कर सके।

नवनियुक्त अध्यक्ष चांदनी जैन ने बताया आने वाली 9 मार्च को बागपत के वात्सायन पैलेस में मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झांसी की रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से समाज में अग्रणी भूमिका निभाने वाली 501 बहनों को सम्मानित किया जाएगा, इसमें अध्यापिका, कॉलेज की प्रधानाचार्य, प्रशासनिक क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली, राजनीति में सामाजिक और पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना परचम लहराने वाली बहनों को सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश की संरक्षक रेनू शर्मा ने कहा हम अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा के नेतृत्व में जनपद बागपत के पदाधिकारी को साथ लेकर कार्यक्रम को भव्य बनाएंगे, क्योंकि हमारी संस्था समय-समय पर मातृशक्ति के लिए अनेकों कार्य करती रहती है, जिसमें आर्थिक रूप से गरीब परिवारों की बेटियों की शादी करना, बेटियों को शिक्षा में मदद करना, मलिन बस्तियों में मेडिकल कैंप लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच कराना आदि अनेक कार्य समय-समय पर करती रहती है। आज इस स्वागत कार्यक्रम में बड़ौत नगर अध्यक्ष मधु धामा, प्रियंका, आसमा, निशा,आशु, आरती शर्मा, अदिति शर्मा, निक्की शर्मा, चेतना, मानसी शर्मा, वंशिका गुप्ता आदि उपस्थित रही।

# परशुराम खेड़ा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत। ऐतिहासिक परशुराम खेड़ा मंदिर बालैनी में चल रहा दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।

इस मौके पर बागपत विधायक योगेश धामा व पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभयवीर यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने भगवान की पूजा-अर्चना की। हवन, पूजन के पश्चात शुभ समय में मां दुर्गा, राम दरबार व सूर्य भगवान की प्रतिमाएं स्थापित की गई। पूरा मंदिर भगवान के जय- जयकार के उदघोषों व घंटे-घड़ियालों से गूंज उठा। इस मौके पर सूरज मुनि जी महाराज, देव मुनि जी महाराज, कैलाश मुनि जी महाराज, सुप्रसिद्ध समाजसेवी चंद्रपाल सिंह पंवार, बालैनी थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र मुरारी दीक्षित, प्रभारी मेला सैल देवेंद्र त्यागी, प्रभारी निरीक्षक यातायात सहेंद्र सिंह, हैड कांस्टेबल यातायात उदल सिंह, शिव मोहन भारद्वाज, किरणपाल, मनोज शर्मा, मंगल सैन, शिवकुमार शर्मा, जगवीर प्रधान, चौधरी ईश्वर, ब्रह्मपाल प्रधान, पंडित आदेश फौजी, डॉक्टर एसपी यादव, विजय शर्मा आदि समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मारवाड़ी युवा मंच 19 फरवरी को कराएगा निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह



एनपीटी ब्यूरो

बरेली। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, नाथ नगरी शाखा, बरेली द्वारा शाखा द्वारा द्वितीय निर्धन कन्याओं का विवाह 19 फरवरी को

श्री हरि मंदिर बरात घर, मॉडल टाउन, बरेली में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी संथा के अध्यक्ष अभिषेक भारद्वाज ने श्री श्याम मंदिर, नईबस्ती,में एक प्रेससवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस सामूहिक विवाह आयोजन हिंदू रीति रिवाज से उनके परिवार द्वारा चुने गए वर के साथ करवाया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 9:30 बजे से होगा एवं सायं 4:00 बजे तक कन्याओं की विदाई पर संपन्न होगा । प्रेस वार्ता में मंच के अध्यक्ष अभिषेक भरद्वाज, प्रांतीय उपाध्यक्ष कैलाश मित्तल, प्रांतीय संयोजक गौरव जैन, सचिव आकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीरज खंडेलवाल, और कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

# गुरू गोरखनाथ मंदिर फखरपुर में चल रही श्रीमद भागवत कथा का हुआ भव्य समापन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



बागपत। फखरपुर गांव के गुरू गोरखनाथ मंदिर में 4 फरवरी 2025 से चल रही श्रीमद भागवत कथा का भव्य समापन हुआ। कथा के अन्तिम दिन उत्तर भारत के प्रसिद्ध कथा वाचक रास बिहारी जी महाराज वृन्दावन वालों ने भगवान श्री कृष्ण के परम मित्र सुदामा जी के व्यक्तित्व की महानता पर प्रकाश डाला और उनके जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। साथ ही साथ उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं के बारे में उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया और भगवान श्री कृष्ण की भक्ति करने की बात कही। कथा के अन्त में उपस्थित श्रद्धालुओं ने जमकर होली खेली और भगवान की भक्ति में लीन होकर जमकर नृत्य किया। कथा के मुख्य यजमान शीशपाल और कमलेश ने श्रीमद भागवत जी की मुख्य पूजा सम्पन्न करायी। गुरू गोरखनाथ मंदिर कमेटी फखरपुर ने कथा में आने वाले श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और ग्रामवासियों के सहयोग के लिए उनका धन्यवाद दिया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सुन्दर कथावाचन के लिए कथा वाचक रास बिहारी जी महाराज की प्रशंसा की, उनसे आशीर्वाद लिया और फोटो खिंचवायी। इस अवसर पर नेहा दीदी, अरूण शर्मा, कविन्द्र उर्फ जॉनी, मास्टर सुनील, संजय सैन, हरेन्द्र शर्मा, भानु शर्मा, शीशपाल उपाध्याय, दीपक वशिष्ठ, संतोष कुमार, दुर्गेश, ममता शर्मा सहित सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतो के निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

## जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय के अंदर करने के दिए निर्देश



एनपीटी ब्यूरो

बरेली । जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में सर्वाधिक शिकायत प्राप्त होने वाले विभागों/क्षेत्रों, असंतुष्ट फीडबैक व सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समय अंतर्गत निस्तारण हेतु आवश्यक कार्रवाई किए जाने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गए।

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस शिकायत निस्तारण और जनता दर्शन में फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए साथ ही जिन गाँवो या स्थानों से अधिक शिकायते प्राप्त हो रही है संबंधित अधिकारियो को गांव-गांव जाकर मौके पर ही शिकायतों के निस्तारण करने के लिए भी निर्देशित किया ।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी(वित्त/राजस्व) संतोष बहादुर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी समस्त उपजिलाधिकारी/तहसीलदार सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चौधरी अजीत सिंह की जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई



एनपीटी ब्यूरो

बरेली ,किसानों के मसीहा राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह जी की जयंती के अवसर पर आज चौधरी चरण सिंह पार्क कचहरी बरेली स्थित राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष मो मतलूब एडवोकेट ने अपने साथियों के साथ एवं कार्यकताओं ने चौधरी अजीत सिंह की जयंती बड़े हर्षोल्लाह के साथ मनाई एवं उनके फोटो चित्र पर फूल मालाओं एवम पुष्प अर्पित कर उनको याद किया और उनकी नीतियां को आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया ,इसके बाद पी डब्लू डी गेस्ट हाउस में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जिलाध्यक्ष जी ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला !

प्रदेश सचिव सर्वेश पाठक ने कहा कि हम सभी लोग उनके पद चिन्हों पर चलकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने का काम करे ताकि माननीय चौधरी जयंत सिंह जी के हाथ मजबूत हो ! इस मौके पर बड़ी संख्या में राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता मौजूद रहे !

# कुल्छा खुर्द के विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुजनों ने पाया प्रसाद

## युवाओं ने मुख्य मार्गों पर सजाई रंगोलिया भजन कीर्तन की सजी महफिल



एनपीटी ब्यूरो

बरेली ' मीरगंज ग्राम पंचायत कुल्छा खुर्द के देव स्थल पर देवी मां का विशाल भंडारा का आयोजन किया गया भंडारे मे आसपास के गांवो से हजारों की संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुजनो प्रसाद पाया।

देव स्थल के पुजारी लाला राम ने बताया कि सभी ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित होने वाला यह 18 बा भंडारा है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व रामायण पाठ का आयोजन किया गया था।

पुजारी ने बताया कि भंडारे के साथ-साथ भजन कीर्तन की भी महफिल सजी जिसमें बड़ी दूर दराज से आए हुए कलाकारों ने सुंदर-सुंदर भजन गाकर समा बांध दिया ।

कुल मिलाकर सद्भावना पर आधारित इस भंडारे मैं पहुंचने वाले श्रद्धालुजनों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# आपसी विवाद में हुई फायरिंग



गाजियाबाद। शालीमार गार्डन क्षेत्र के गौरीशंकर एन्क्लेव में मंगलवार रात्रि 11.30 बजे गोलियों की आवाज सुनकर लोग दहशत में आ गए। कौशाम्बी थाना क्षेत्र में हुक्का बार चलाने वाले सोभी मलिक ने गौरीशंकर एन्क्लेव में अपना पूरा भोकाल बना रखा हैं। गाड़ी में हूटर सहित 4 पीएसओ साथ चलते हैं, वह कौशाम्बी थाना क्षेत्र में लिकवर नाम से बार चलाते हैं। कौशांबी स्थित क्लब में हुए विवाद को लेकर शालीमार गार्डन के गौरी शंकर सोसायटी में रहने वाले रिजवान पुत्र कलुआ चौहान के घर पर दोनों पक्षों में भिड़ंत हुई, जिसमें तीन से चार राउंड हवाई फायर हुए जिससे लोग दहशत में हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं।

# समाजवादी कार्यकताओं ने किया पंचायत का आयोजन



एनपीटी ब्यूरो

बरेली, कुंडा गांव में पीडीए पंचायत का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव के बेटे देवेंद्र सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ देवेंद्र ने कहा कि पीडीए सामाजिक न्याय का सूत्र है, जिसमें हर वर्ग को सम्मान और मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि पीडीए के माध्यम से पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और वंचित वर्गों को उनके हक मिलते हैं। जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि आज महान संत रविदास जी की जयंती है और जिन्होंने सदैव जातिवादी से अलग हट कर इंसानियत और ईश्वर को मानने को नसीहत की। उन्होंने कहा कि ईश्वर के नाम लोगों ने अलग–अलग रख लिए हैं, लेकिन ईश्वर एक ही है। ऐसे महान संत की जयंती पर मैं उन्हें सादर नमन करता हूं।

कार्यक्रम में कुड्डा गांव के प्रधान आदेश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव, संजय मेवाती, किशन सिंह, यूनुस खान, धमेंद्र फौजी आदि लोग मौजूद रहे। पीडीए पंचायत का पर्चा घर–घर बांटा गया।

# बिजली निजीकरण मुद्दाः तीन कंपनियों को मिला ट्रांसमिशन लाइसेंस, फंसा पेंच... अदालत जाएगा विद्युत उपभोक्ता परिषद

लखनऊ। विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह ने जेवर ट्रांसमिशन लि., तिर्वा ट्रांसमिशन लि. और मेरठ–शामली पावर ट्रांसमिशन लि. को ट्रांसमिशन लाइसेंस जारी करने का आदेश दिया है। यह लाइसेंस 25 वर्ष के लिए है। इसे 10 साल के विस्तार के साथ 35 वर्षों के लिए मान्य किया गया है। आदेश जारी होने के बाद दक्षिणांचल व पूर्वांचल के 42 जिलों के निजीकरण के मामले में नया पेंच फंसता दिख रहा है।

उत्तर प्रदेश में विद्युत नियामक आयोग ने जेवर, तिर्वा और मेरठ–शामली पावर ट्रांसमिशन लि. को ट्रांसमिशन लाइसेंस जारी कर दिया है। आयोग के आदेश में कहा गया है कि निजीकरण के बाद जो भी नई कंपनी होगी, उस पर सभी एग्रीमेंट स्वतः लागू जाएगा।

इसमें पूर्वांचल और दक्षिणांचल के निजीकरण का मामला एक बार फिर फंसता नजर आ रहा है। क्योंकि उपभोक्ता परिषद दोनों विद्युत वितरण निगम पर उपभोक्ताओं का करीब 16 हजार करोड़ रुपये बकाया बता रहा है। इस मामले को लेकर वह अदालत भी जाने की तैयारी में है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आम जनता की सुनवाई में देनदारी का मुद्दा उठाया था। कहा था कि उपकेंद्र और ट्रांसमिशन लाइन तैयार करने में जेवर ट्रांसमिशन लि. ने 713 करोड़, मेरठ–शामली ने 164 करोड़ और तिर्वा ट्रांसमिशन लि. ने लगभग 136 करोड़ रुपये खर्च किया है।

इसकी भरपाई अगले 35 वर्षों तक पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन सहित प्रदेश की बिजली कंपनियां करेगी। इसमें दक्षिणांचल व पूर्वांचल भी शामिल है। इन दोनों कंपनियों का निजीकरण हो रहा है। ऐसे में इन कंपनियों के साथ 35 साल के लिए हुए ट्रांसमिशन सर्विस एग्रीमेंट (टीएसए) का क्या होगा? जब वह खुद अपने को बेच रही है तो 35 वर्षों तक उसकी अदायगी कौन करेगा?

उपभोक्ता परिषद ने इस पर विधिक सवाल उठाते हुए नियामक आयोग से पारदर्शी नीति अपनाने पर जोर दिया था। नियामक आयोग द्वारा अपने आदेश में पहली बार प्रक्रियाधीन बिजली कंपनियों के निजीकरण पर उपभोक्ता परिषद की आपत्ति को अपने आदेश का पार्ट बनाते हुए यह लिखा गया है कि वितरण कंपनियों के संभावित निजीकरण के बारे में उठाई गई चिंताओं के संबंध में आयोग ने परीक्षण और अध्ययन किया।

इसमें यह पाया कि परियोजना से जुड़े सभी प्रासंगिक अनुबंध निहित आदेश, सभी अनुबंधधीन एग्रीमेंट आवश्यकताओं के अनुपालन में उत्तराधिकारी संस्थाओं को स्थानांतरित कर दिए जाएंगे। आयोग द्वारा जारी आदेश के बाद अब यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया है कि निजीकरण के फलस्वरुप जो आने वाले नई बिजली कंपनी होगी यानी कि सक्सेसर कंपनी आएगी। उन पर यह सभी एग्रीमेंट देनदारी दोनों तरफ की स्वतः लागू हो जाएगी।

ऐसे में अब आने वाले समय में एक नया विवाद पैदा होगा कि बिजली कंपनियों पर जो प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का लगभग 33122 करोड़ सरप्लस निकल रहा है।

## संपादकीय

# शांति हेतु काफी नहीं मुख्यमंत्री का इस्तीफा

भले ही न टाली जा सकने वाली विषम परिस्थितियों के चलते हुआ हो, मणिपुर के विवादित मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने आखिरकार इस्तीफा दे दिया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने दिल्ली की ऐतिहासिक चुनावी जीत का मजा किरकिरा न होने देने के इरादे से उनका इस्तीफा दिलवाना बेहतर विकल्प समझा। इस हिंसाग्रस्त पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा के कारण हुई मौतों और विस्थापन पर सार्वजनिक माफी मांगकर खेद जताने के एक माह से कुछ अधिक समय बाद बीरेन सिंह ने आखिरकार अपना पद छोड़ ही दिया। दरअसल, उनका यह अस्त्र काम नहीं आया। विडंबना यह है कि उनकी कथित बातचीत का एक ऑडियो टेप कुछ समय पहले लीक हुआ है। जिसमें टेलीफोन पर हुई वह बातचीत रिकॉर्ड हुई बतायी जाती है, जिसमें जातीय हिंसा भड़काने में उनकी भूमिका उजागर होती है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सत्यता प्रमाणित करने के लिये इस टेप को केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला को भेजा गया है। शीर्ष अदालत ने सीलबंद लिफाफे में यह रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं। लगता है कि मणिपुर में विपक्षी दलों द्वारा बीरेन सिंह को हटाने की मुहिम में सत्तारूढ़ दल के कुछ विधायकों के शामिल होने की आशंका को भांपते हुए बीरेन सिंह को इस्तीफा देने को कहा गया है। उनके खिलाफ आरोपों की गंभीरता के मद्देनजर इस्तीफे को बचने के एक रास्ते के तौर पर देखा गया है। बहरहाल, राज्य सरकार व पार्टी की छवि को पहले ही काफी नुकसान हो चुका है और यह इस्तीफा बहुत देर से आया है। मणिपुर में मई 2023 से शुरू हुई जातीय हिंसा में करीब ढाई सौ लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। लेकिन राज्य सरकार स्थिति को संभालने में विफल रही है। विडंबना यह है कि व्यापक हिंसा व आगजनी के बाद बीरेन को पद से हटाने की मांग को नजरअंदाज किया जाता रहा है। विपक्ष इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री को भी सवालों के घेरे में लेता रहा है। बहरहाल, अब सवाल यह उठता है कि मुख्यमंत्री बदलने से क्या जमीनी हकीकत में बदलाव आ सकेगा? नया नेतृत्व क्या वह इच्छाशक्ति दिखा पाएगा जिससे मैती व कुकी समुदायों के बीच गहरी हुई खाई को पाटा जा सकेगा? निस्संदेह, मणिपुर के लोग न्याय व शांति का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में लोगों का भरोसा जीतना केंद्र सरकार की पहली जिम्मेदारी बनती है। ताकि राज्य में शांति व सद्भाव कायम हो सके। वहीं दूसरी ओर बजट सत्र को टालने से राज्य में राष्ट्रपति शासन की आशंका भी जतायी जा रही है। वैसे राज्य में दोनों प्रमुख समुदायों के बीच जिस हद तक अविश्वास हावी है, उसे देखते हुए शीघ्र सुलह-समझौते की उम्मीद कम ही है। यहां तक कि कुकी समुदाय अपने लिये अलग प्रशासनिक व्यवस्था की मांग जोर-शोर से उठाता रहा है, तो वहीं मैती समुदाय इस मांग का प्रबल विरोध करता रहा है। बहरहाल, प्राथमिकता राज्य में शांति व्यवस्था स्थापित करने की होनी चाहिए ताकि विस्थापित लोग कानून पर भरोसा करते हुए अपने घरों को लौट सकें। सबसे बड़ी चिंता सुरक्षा बलों से दोनों समुदायों द्वारा लूटे गए हथियारों की बरामदगी की भी है। यहां तक कि पुलिस व सुरक्षा बलों पर भेदभाव के आरोप भी लगते रहे हैं। निश्चित रूप से राज्य में पुलिस व सुरक्षा बलों को सर्वप्रथम अपनी विश्वसनीयता कायम करनी होगी। ये आने वाला वक्त बताएगा कि बीरेन सिंह के बाद सत्ता की बागडोर थामने वाला व्यक्ति किस हद तक स्थितियों को सामान्य बनाने में सक्षम होता है। सवाल यह भी है कि राज्य विधानसभा के लिये एक साल के भीतर होने वाले चुनाव क्या समय पर हो पाते हैं? बहरहाल, राज्य के मौजूदा हालात में निष्पक्ष और संवेदनशील शासन की जरूरत है, जिससे आहत लोगों के जख्मों पर मरहम लगाया जा सके। भले ही बीरेन सिंह ने राजनीतिक मजबूरी में ही इस्तीफा दिया हो, लेकिन शांति की संभावनाओं को इससे संबल जरूर मिलेगा। खासकर उन लोगों को राहत मिलेगी जो पूर्व मुख्यमंत्री पर पक्षपात के आरोप लगाते रहे हैं।

# भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व करें

**भारत एआई की चुनौतियों एवं खतरों को लेकर सतर्क है। क्योंकि एआई द्वारा प्रस्तुत चुनौतियाँ बहुआयामी हैं और लगातार विकसित हो रही हैं। उदाहरण के लिए डीपफेक, जो डिजिटल मीडिया हैं-वीडियो, ऑडियो और चित्र-जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके संपादित और हेरफेर किया जाता है, हाइपर-रियलिस्टिक डिजिटल मिथ्याकरण को शामिल करते हैं। इसका संभावित रूप से प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने, सबूत गढ़ने और लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास को कम करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जबकि डीपफेक का इस्तेमाल चुनावों जैसे कुछ मामलों में किया गया है, उनका उपयोग विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से देखा जा रहा है। डीपफेक के अलावा, एआई से जुड़े अन्य जोखिम भी हैं।**




पेरिस में हुए दो दिवसीय एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) एक्शन समिट ने जहां दुनिया के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के महत्व को उजागर किया, वहीं यह भी साफ कर दिया कि इस मामले में होड़ के बावजूद सभी देशों का आपसी तालमेल बनाए रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है। एआई से बदलती दुनिया के चमत्कार वरदान से कम नहीं है, लेकिन इससे जुड़ी चुनौतियां एवं खतरे इसे अभिशाप में भी बदल सकते हैं। बहुत आवश्यक है कि इसके उपयोग के संदर्भ में कोई वैश्विक ढांचा एवं नियंत्रण का केन्द्र एवं नीति बने। क्योंकि एआई के दुरुपयोग के खतरे किसी से छिपे नहीं। अभी एआई का उपयोग अपने प्रारंभिक चरण में ही है, लेकिन उससे पैदा होने वाली कई चुनौतियों एवं खतरों ने सिर उठा लिया है। लेकिन इस नई तकनीक से जीवनशैली, शिक्षा, चिकित्सा, युद्ध, सेना, शासन-प्रशासन, चुनाव, व्यापार, विचार आदि में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। भारत एआई को लेकर बहुत उत्साहित है और दुनिया में एआई का सबसे बड़ा केन्द्र बनने को भी तैयार है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ इस शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता की बल्कि अगली शिखर बैठक की मेजबानी करने की पेशकश भी करते हुए बता दिया कि भारत इस पहल को कितनी गंभीरता से लेता है।

भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए तकनीकी विकास की दृष्टि से भी सफलता के नये झंडे गाड रहा है। एआई को लेकर भारत की सोच सकारात्मक एवं विकासमूलक है इसीलिये प्रधानमंत्री मोदी ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है। उनके एकाधिकार और उनकी मनमानी से निपटना विश्व के तमाम देशों के लिए मुश्किल हो रहा है। यदि इसी तरह का एकाधिकार एआई कंपनियों ने भी स्थापित कर लिया तो फिर समस्या गंभीर हो जाएगी। सबसे अधिक समस्या विकासशील और निर्धन देशों को होगी, जो पहले से ही चुनिंदा तकनीकी कंपनियों के वर्चस्व तले दबी हुई है। मोदी ने एआई तकनीक के संतुलित एवं विवेकसम्मत उपयोग एवं विकास की आवश्यकता को भी व्यक्त किया। क्योंकि यह उन्नत तकनीक बनाने वाली कुछ कंपनियां उसे अपने हिसाब से संचालित करती हुई भी दिख रही हैं। इस तकनीक का मनमाना इस्तेमाल न होने पाए, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रभावी कदम उठाने होंगे। यह एआई एक्शन समिट ऐसे समय हो रही है, जब चीनी कंपनी डीपसीक दुनिया को एक जबर्दस्त झटका दे चुकी है।

भारत एआई की चुनौतियों एवं खतरों को लेकर सतर्क है। क्योंकि एआई द्वारा प्रस्तुत चुनौतियाँ बहुआयामी हैं और लगातार विकसित हो रही हैं। उदाहरण के लिए डीपफेक, जो डिजिटल मीडिया हैं-वीडियो, ऑडियो और चित्र-जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके संपादित और हेरफेर किया जाता है, हाइपर-रियलिस्टिक डिजिटल मिथ्याकरण को शामिल करते हैं। इसका संभावित रूप से प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने, सबूत गढ़ने और लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास को कम करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जबकि डीपफेक का इस्तेमाल चुनावों जैसे कुछ मामलों में किया गया है, उनका उपयोग विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से देखा जा रहा है। डीपफेक के अलावा, एआई से जुड़े अन्य जोखिम भी हैं। इनमें गोपनीयता, पूर्वाग्रह, पारदर्शिता, जवाबदेही और दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए एआई के संभावित दुरुपयोग से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। भारत सरकार इन मुद्दों को सलाह और विनियमों के माध्यम से नियोजित एवं नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है जो पारदर्शिता, सामग्री मॉडरेशन, सहमति तंत्र और डीपफेक पहचान पर जोर देते हैं ताकि जिम्मेदार एआई तैनाती सुनिश्चित हो और चुनावी अखंडता की रक्षा हो सके। यह एक सतत प्रयास है और जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगे, इन चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक मजबूत तंत्र के विकास के साथ सक्षम होने की अपेक्षा रहेगी। एआई विकसित होता रहेगा, नये-नये करिश्माई एवं चमत्कारी आयाम उससे जुड़ते रहेंगे और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह ऐसे तरीके से हो जो सभी के लिए सुरक्षित, नैतिक और लाभकारी हो। आवश्यक बुनियादी ढांचे, हार्डवेयर और क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमताओं के विकास में सहायता के लिए निवेश महत्वपूर्ण है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग से आवश्यक पूंजी जुटाई जा सकती है। यह संयुक्त प्रयास एआई नवाचार, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे सकेगा और जिससे भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व कर सकेगा।

इसी पहलू को रेखांकित करती है यह पेरिस की तीसरी एआई एक्शन समिट, जिसमें दुनिया भर के 90 देशों और तमाम बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस हमारे भविष्य का अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन किसी भी वजह से इसकी ग्रोथ को बेकाबू होने दिया गया तो उसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं। भारत की भूमिका को खास बनाता है इसका असाधारण टैलंट पूल, इसके वे इंजिनियर और वैज्ञानिक जो नाम मात्र की लागत पर बड़े-बड़े अंतरिक्ष अभियान को अंजाम देते रहे हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में भारत की पहल बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती। बेहतर होगा कि केंद्र सरकार एक स्वतंत्र मंत्रालय बनाकर इस तकनीक को लेकर अपनी प्राथमिकता तय करे। इनोवेशन में भारत को हर जोखिम को उठाने के लिये स्वयं को सक्षम करना होगा। एआई का समुचित लाभ उठाने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। एआई के जरिये वे अनेक काम किए जा सकते हैं, जो अब तक मनुष्य करते रहे हैं, लेकिन यह ध्यान रहे कि उसमें मानवीय संवेदनाएं नहीं होतीं और वह उपलब्ध डाटा के आधार पर ही किसी नतीजे पर पहुंचती है। अब यदि डाटा ही सटीक न हो तो नतीजे भी नुकसान पैदा करने वाले हो सकते हैं। इस पर हैरानी नहीं कि अति उन्नत एआई को मानव सभ्यता के लिए संकट के रूप में भी देखा जा रहा है। इस आशंका को निर्मूल साबित करने वाले उपाय करना समय की मांग हैं और उन पर ज्यादा फोकस करना होगा।

इस तरह की तकनीक तभी लाभकारी सिद्ध होती है, जब उसका उपयोग समझदारी, नैतिकता एवं विवेकपूर्ण होता है। ज्यादा जरूरी है उसके दुरुपयोग की आशंकाओं पर प्रभावी ढंग से लगाम लगाने की स्थितियों एवं तंत्र को विकसित करने की। एआई के मामले में ऐसा इसलिए अनिवार्य रूप से करना होगा, क्योंकि यह मानव जीवन को कहीं गहराई से प्रभावित करने की क्षमता रखती है। एआई एक नई तकनीक है और बहुत से लोग उसके प्रयोग के तौर-तरीकों से अपरिचित हैं। इसीलिए यह आशंका उभरी है कि उसके कारण रोजगार का संकट पैदा हो सकता है। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न नौकरियों पर एआई के प्रभाव को समझने के लिए एक व्यापक, डेटा-समर्थित अध्ययन आवश्यक है। आईएमएफ की एक रिपोर्ट ने अनुमान लगाया है कि एआई दुनिया भर में लगभग 40 प्रतिशत नौकरियों को प्रभावित करेगा, कुछ को प्रतिस्थापित करेगा और दूसरों को पूरक करेगा। यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि एआई अपने उपयोग के विकास के साथ नए प्रकार की नौकरियां भी पैदा करेगा। एआई पहले से ही विनिर्माण से लेकर बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और शिक्षा तक सभी क्षेत्रों में बदलाव ला रहा है। उदाहरण के लिए, शिक्षा क्षेत्र में, एआई व्यक्तिगत पाठ्यक्रम, परीक्षण, सीखने के तरीके और वितरण को सक्षम करके भारत के सीखने के परिदृश्य को बदल रहा है। निःसंदेह यह नई तकनीक अवसर बन रही है, तकनीकी विकास का सूरज बनकर नयी समाज संरचना को बल दे रही है। यह संभावनाभरा है कि पेरिस शिखर सम्मेलन में एआई के क्षेत्र में भारत और प्रमुख देशों के बीच सामंजस्य बढ़ने के संकेत मिले, लेकिन बात तब बनेगी, जब यह मंच एआई के नियमन एवं नियोजित विकास के लिए सहमति कायम करने की बुनियाद बने। एआई की तीव्र प्रगति और व्यापक अनुप्रयोग को देखते हुए, भारत के लिए अपना स्वयं का एआई सुरक्षा संस्थान स्थापित करना अपेक्षित है। ऐसा संस्थान सुरक्षित और नैतिक एआई प्रथाओं को विकसित करने, अनुसंधान करने और एआई के उपयोग में सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है।

# दूसरों से नहीं खुद से करें प्रतिस्पर्धा, परीक्षाओं का दौर

जीवन में सफलता केवल परीक्षा के अंकों से नहीं, बल्कि समग्र विकास और आत्मविश्वास से मिलती है। जीवन किसी भी परीक्षा से बहुत बड़ा है। इसलिए आज के बच्चों को उस आसमान की आवश्यकता है, जहां वे अपनी क्षमताओं का खुले दिल से प्रदर्शन कर सकें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में सामूहिक संवाद के बजाय ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से बच्चों के मन में उथल-पुथल मचा रहे सवालों के बड़ी सहजता से जवाब दिए। कहा गया कि इसमें देश के 3.30 करोड़ छात्र, 20 लाख शिक्षक और साढ़े पांच लाख से अधिक अभिभावक जुड़े। यह अब तक का सार्वकालिक रिकॉर्ड है। इसका महत्व इसलिए है क्योंकि आने वाले दिनों में ही सीबीएसई, आईसीएसई और राज्यों के बोर्ड्स की परीक्षाएं होने जा रही हैं। पीएम ने स्ट्रैस मैनेजमेंट और डिप्रेशन पर भी अपनी बात बेहद प्रभावी रूप से रखी।

दरअसल, एनसीआरबी के आंकड़ों के आधार पर छात्र आत्महत्या : भारत में महामारी रिपोर्ट आईसी 3 संस्थान के वार्षिक सम्मेलन और एक्सपो 2024 में लॉन्च की गई थी। इसमें यह चिंताजनक खुलासा हुआ कि देश में जनसंख्या वृद्धि से अधिक छात्र आत्महत्या की दर है। देश में जिस दर से जनसंख्या बढ़ रही है, उससे अधिक तेजी से छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। 2021 और 2022 के बीच छात्रों की आत्महत्या में कुछ कमी आई, जबकि छात्राओं की आत्महत्या में वृद्धि हुई। रिपोर्ट में कहा गया है, पिछले दो दशकों में छात्रों की आत्महत्या की दर 4 प्रतिशत की खतरनाक वार्षिक दर से बढ़ी है, जो राष्ट्रीय औसत से दोगुनी है। रिपोर्ट के अनुसार महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश वो राज्य हैं, जहां छात्र सबसे ज्यादा आत्महत्या करते हैं। यहां जितने छात्र आत्महत्या करते हैं वह देश में होने वाली कुल छात्र आत्महत्याओं का एक तिहाई हिस्सा है।



सबसे प्रमुख बात छात्रों की आत्महत्याओं के पीछे सबसे अहम कारण अवसाद, निराशा और अभिभावकों की अतिमहत्वाकांक्षा है।

यही वजह है कि परीक्षा पे चर्चा के दौरान सबसे ज्यादा फोकस स्ट्रैस मैनेजमेंट, डिप्रेशन, शिक्षकों और अभिभावकों की अतिमहत्वाकांक्षा और विद्यार्थियों को मनचाहा खुला आसमान देने पर हुई। कहा गया कि सभी को स्ट्रैस और टाइम मैनेजमेंट पर फोकस करना चाहिए। लिखने की आदत डालनी चाहिए। छात्रों को खुलकर अपनी बात कहने के अधिक से अधिक अवसर देने चाहिए। मन को शांत रखना चाहिए। केवल किताबी कीड़ा नहीं बनना चाहिए। रोबोट नहीं बल्कि इंसान बनना चाहिए और पूरी नींद लेनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण संदेश यह रहा कि बच्चों को दूसरों से नहीं, बल्कि स्वयं से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। जब हम स्वयं से प्रतिस्पर्धा करते हैं, तो आत्मविश्वास बढ़ता है। दूसरों से तुलना करने पर नकारात्मकता आती है। नकारात्मकता निराशा और डिप्रेशन बढ़ाती है। इसलिए अपनी कमजोरियों को पहचानकर उन्हें सुधारने से सफलता सुनिश्चित की जा सकती है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि आज के समय में बच्चों के कोमल मन को प्रतिस्पर्धा के भारी बोझ तले दबाने में घर, परिवार, पैरेंट्स, समाज, शिक्षा केंद्र और सोशल मीडिया की नकारात्मक भूमिका है। पहले के समय में 10वीं-12वीं में 60 फीसदी अंक लाने वाला विद्यार्थी भी हीरो होता था। लेकिन आज हालात यह हैं कि 90 प्रतिशत अंक भी कम लगने लगे हैं। अब प्रतिस्पर्धा 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों और विशेष रूप से उनके अभिभावकों के बीच बढ़ने लगी है। कुछ माता-पिता ने तो इसे अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ दिया है। जिसके कारण वे बच्चों पर अत्यधिक दबाव डालते हैं।

प्रधानमंत्री ने सही कहा है कि बच्चों को प्रेशर कुकर की तरह दबाव में रखना अब अभिभावकों और शिक्षकों की सामान्य प्रवृत्ति बन गई है। कई बार अभिभावक मार्गदर्शन देने के बजाय अपनी इच्छाएं और अधूरी आकांक्षाएं बच्चों पर थोपने लगते हैं। कुछ बच्चों का कोमल मन इस दबाव को सहन नहीं कर पाता, जिससे वे अवसाद में चले जाते हैं या आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठा लेते हैं। बच्चों की आपसी तुलना से बचना चाहिए, क्योंकि इससे उनमें हीनभावना उत्पन्न हो सकती है। माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चों को सिखाएं कि 24 घंटे का सही प्रबंधन कैसे किया जाए।

निःसंदेह, जीवन में सफलता केवल परीक्षा के अंकों से नहीं, बल्कि समग्र विकास और आत्मविश्वास से मिलती है। जीवन किसी भी परीक्षा से बहुत बड़ा है। इसलिए आज के बच्चों को उस आसमान की आवश्यकता है, जहां वे अपनी क्षमताओं का खुले दिल से प्रदर्शन कर सकें। उनका कहना था कि कई बार स्कूलों में केवल मेधावी छात्रों पर ध्यान दिया जाता है, जबकि कमजोर बच्चों को अनदेखा कर दिया जाता है। पीटीएम में अभिभावकों को नीचा दिखाकर हतोत्साहित कर दिया जाता है, जिससे समस्या का समाधान नहीं निकलता।

दुर्भाग्य से कभी किसी भी स्कूल या शिक्षक ने कभी बच्चों की असफलता की जिम्मेदारी नहीं ली है। निःसंदेह, कोई बच्चा पढ़ाई में अच्छा न हो, लेकिन उसमें अवश्य ही एक ऐसा टैलेंट होगा जो उसे आगे बढ़ा सकता है। ऐसे में अभिभावक बच्चे की काबिलियत को पहचानें और उसको उस मनचाहे क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

# रामलला की चौखट से फिर होगा श्रीकृष्ण जन्मभूमि आंदोलन का श्रीगणेश, मुक्ति न्यास करेगा अगुवाई

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्म भूमि की मंदिर के लिए राममंदिर आंदोलन से जुड़े पुरनियों से भी संपर्क किया जा रहा है। इसकी समिति में साधु-संत, सेवानिवृत्त जज, शिक्षाविद, रिटायर्ड अधिकारी, वास्तुशास्त्री, आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के सदस्य भी आंदोलन समिति में रहेंगे। श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि महाकुंभ में महासंवाद की नींव रखी जा चुकी है।जन-जन में चेतना जगाने के लिए शहर से गांव तक महासंवाद होगा। इसकी शुरूआत अयोध्या में भगवान राम का आशीर्वाद लेकर होगी। अयोध्या में महासंवाद के



बाद काशी, मथुरा के साथ ही सभी बड़े शहरों के बाद गांवों की ओर बढ़ेगे। इस जनचेतना आंदोलन को देश ही नहीं विदेशों तक लेकर जाना है। इसके लिए 51 सदस्यीय संचालन समिति बनाई जा रही है। इसमें हर क्षेत्र के विशेषज्ञ रहेंगे। महासंवाद के जरिये इस आंदोलन से पांच करोड़ लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा हस्ताक्षर अभियान भी चल रहा है, जिसमें अभी तक तीन करोड़ से अधिक लोग हस्ताक्षर कर चुके हैं। सुमेरूपीठाधीश्वर नरेंद्रानंद सरस्वती ने बताया कि मंदिर तो हर हाल में बनाएंगे, चाहे इसके लिए जो भी त्याग करना पड़े। जगद्गुरु रामलाल अयोध्या, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र गिरी, जगद्गुरु राधावल्लभाचार्य महाराज, रुक्मणी पीठाधीश्वर विदर्भ राजेश्वर माऊली सरकार, जगद्गुरु बालकादास, महामंडलेश्वर नृसिंहदास, द्वाराचार्य बलराम बाबा,महामंडलेश्वर डॉ. आदित्यानंद महाराज, तमिलनाडु के गोल्डन बाबा, सांवरिया पीठाधीश्वर अभय नाथ, अखिल भारतीय चातुर्य संप्रदाय के अध्यक्ष हनुमत दास, फूलडोल दास महाराज, सुधाकर धर्माधिकारी कबीरपंथी पीठ, डॉ. चारुदत्त पिंगले से संपर्क किया गया है।

# अभी वृंदावन छोड़ दो...' प्रेमानंद महाराज की रात्री यात्रा का हुआ विरोध तो भड़के बागेश्वर धाम धीरेंद्र शास्त्री

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। वृंदावन के सुप्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज इन दिनों अपनी रात्रीकालीन यात्रा पर हुए विवाद के कारण लगातार सुर्खियों में हैं। प्रेमानंद महाराज हर रात अपने घर से निकलकर केलीकुंज आश्रम तक पद यात्रा करते थे। लोगों को भजन मार्ग और नाम जप की मिहमा बताने वाले प्रेमानंद महाराज की इस पदयात्रा में उनके दर्शनों के लिए हजारों लोग रात से ही लाइनें लगाकर खड़े हो जाते थे। हालांकि, इस पदयात्रा के मार्ग में पड़ने वाली ठफ्क्र सोसायटी के लोगों के विरोध के बाद अब वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज ने रात में निकलने वाली अपनी पद यात्रा का रूट, समय और तरीका बदल दिया है. ऐसे में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री ने भी इस विरोध पर अपनी नाराजगी जताई है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि ऐसे लोगों को वृंदावन छोड़ देना चाहिये। दरअसल जिस रास्ते से होकर प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा गुजरती थी, वहां बड़ी संख्या में लोग उनके दर्शनों के लिए जमा होते थे। पदयात्रा के समय उत्साही भक्त कई तरह के बैंड बाजे, आतिशबाजी और लाउडस्पीकर पर भजन चलाते थे। इसपर मार्ग में पड़ने वाली सोसायटियों के लोगों ने इस शोरगुल से परेशान होकर अपना विरोध जताया. इसी विरोध पर बोलते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, जिनकी वाणी को लाखों लोग सुन रहे हैं, ऐसे पूज्य श्री प्रेमानंद बाबा की रात्री पदयात्रा पर रोक लगाने का विषय मीडिया के माध्यम से हमें पता चला।

# महाकुंभ स्नान कर मथुरा लौटते श्रद्धालुओं की बस खाई में पलटी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। महाकुंभ स्नान कर मथुरा लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस थाना रामगढ़ क्षेत्र में चालक को झपकी आने के कारण 15 फीट गहरी खाई में अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटते ही श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने राहत कार्य में जुट कर 55 में से 20 घायलों को सरकारी ट्रॉमा सेंटर भेज दिया। जहां एक वृद्धा को चिकित्सक ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं 19 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में शिफ्ट करा दिया गया। हादसा होते ही बस चालक मौके से फरार हो गया। थाना रामगढ़ क्षेत्र स्थित सांती पुल और ममता डिग्री कॉलेज के बीच सोमवार रात करीब 2:30 बजे कुंभ स्नान कर लौटते श्रद्धालुओं की प्राइवेट बस खाई में पलट गई। बस के रोड से उतरते ही बस में सो रहे यात्रियों की नींद टूट गई और चीख-पुकार मचने लगी। चालक बस को काबू में करता उससे पहले ही बस एक पलटा मारकर 15 फीट गहरी खाई में समा गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन उससे पहले ही कुछ यात्री बस से बाहर आ गए थे। पुलिस ने राहत कार्य शुरू करते हुए बस में फंसे लोगों को बाहर निकाल लिया। इसके बाद 55 में से करीब 20 घायलों को एंबुलेंस की मदद से सरकारी ट्रामा सेंटर भेज दिया। जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद मथुरा गोविंद नगर के पृथ्वी वाली कॉलोनी निवासी शांति देवी (68) को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया। मृतका के पति रामस्वरूप ने बताया कि वह आठ फरवरी को मथुरा से कुंभ अपनी पत्नी और भतीजे के साथ गए थे। बस में 55 यात्री थे। बस मालिक ने 1500 रुपये प्रति यात्री लिए थे।

हादसे के बाद ही चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। वहीं 19 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में शिफ्ट करा दिया गया। थाना प्रभारी संजीव दुबे ने बताया कि संभावित यह घटना चालक को झपकी आने की वजह से हुई है। एक वृद्ध महिला की मौत हुई है। 19 लोग घायल हुए है। मथुरा के कृष्णा नगर निवासी बबीता, योगेश, मानसिंह, केशव, मिथलेश, विजया देवी, आनंद नगर निवासी अवध किशोर, श्याम नगर निवासी पूजा कुमारी, हंसो देवी, पृथ्वी वाली कालोनी निवासी रामस्वरूप, आनंदपुरी निवासी सुनीता, जमुनादेवी, पार्वती, अनूप कुमार, मंजी देवी, थाना मांठ के पिपरौली निवासी गायत्री, धर्मलोक नगर निवासी नाथु, रमेश, बेरा निवासी गीता देवी घायल हुए हैं।

# अंग्रेजी व हिंदी की पुस्तकें तक नहीं पढ़ पाए विद्यार्थी



मथुरा। राधाकुंड में नगर पंचायत के ईओ रिंकू सिंह राही (आईएएस) ने मंगलवार को कस्बे के पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्हें यहां शिक्षा की स्थिति सही नहीं मिली। कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राएं संवाद के दौरान उनके किसी प्रश्न का सही उत्तर नहीं दे पाए। बच्चों को हिंदी-अंग्रेजी की पुस्तकें पढ़वाई गईं, जो बच्चे नहीं पढ़ सके। उन्होंने शिक्षकों से नाराजगी जताते हुए स्कूल में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने की बात कही। वे पूर्व में भी यहां निरीक्षण कर निर्देश दे चुके हैं। ईओ ने बताया कि इस संबंध में बीएसए से वार्ता की जाएगी। बताया कि नगला सखी स्थित स्कूल में बच्चों ने किताब सही तरीके से पढ़ी। नगला सपेरा में समय से पहले ही शिक्षक स्कूल बंद कर चले जाते हैं। विकास खंड अधिकारी बुद्ध सैन सिंह ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि बच्चों की पढ़ाई में सुधार कराएं, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

## बाबा साहेब के बोर्ड का अपमान करने वाले दो युवकों पर मुकदमा दर्ज

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। मंगलवार देर शाम ने शाहबाद क्षेत्र में बाबा साहब के फ्लेक्स बोर्ड पर कथित रूप से थूकने पर मामला तूल पकड़ गया। तमाम लोग मौके पर जुटे और हंगामा कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। भीम आर्मी के पदाधिकारी भी कोतवाली पहुंचे।लोग देर रात तक समझौते के प्रयास में लगे थे। आरोप है कि मंगलवार देर शाम में दो युवकों ने अपमान करने की नीयत से आंबेडकर चौक पर लगे बोर्ड पर थूक दिया। इससे समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुईं और लोग मौके पर इकट्ठा होना शुरू हो गए। सूचना पर कोतवाल पंकज पंत फोर्स के साथ पहुंच गए और दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर कोतवाली आ गए। बाद में भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार, छात्र विंग के जिला अध्यक्ष सुबीर आजाद भीम आर्मी के पदाधिकारियों के साथ कोतवाली पहुंच गए। उधर पुलिस ने मंगली निवासी सतवीर की तहरीर पर दो युवक प्रीतम और अर्पित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया

## सैफनी में सभापति पर छेड़छाड़ व मारपीट का मुकदमा दर्ज

उत्तर प्रदेश रामपुर।सैफनी के एक वार्ड सभासद पति के खिलाफ छेड़छाड़ करने, घर से हाथ खींचकर प्लॉट पर ले जाने और उसके साथ मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित ने पति के घर आने पर उसे पूरी घटना के बारे में बताया। जिस पर पति के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी। मामले में कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी के यहां पहुंच गुहार लगाई। सीओ के आदेश पर सैफनी पुलिस ने आरोपी हाजी खुर्शीद के खिलाफ छेड़छाड़ समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सैफनी के कुछ लोगों ने बताया कि सभासदपति एक दबंग प्रवृति का व्यक्ति है। आए दिन लोगों को दबंगाई दिखाकर लोगों से झगड़े करता रहता है।

# साल भर में पांच लाख वृक्षारोपण के लक्ष्य से हरा-भरा होगा आगरा

## किशोर शक्ति फाउंडेशन द्वारा ताजनगरी को सवारने के लिए जारी है मुहिम

**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण के महत्व को समझते हुए किशोर शक्ति फाउंडेशन द्वारा ₹शक्ति ऑफ फॉरेस्ट₹ अभियान के तहत प्रतिवर्ष पांच लाख पौधे रोपने के लक्ष्य रखा गया है। बुधवार को आयोजित हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ पौधे लगने का आंकड़ा 16,300 पर पहुंच गया है। अभियान के विषय में जानकारी देते हुए किशोर शक्ति फाउंडेशन के निदेशक दीपक अग्रवाल ने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से वृक्षारोपण अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से जगह चिन्हित की जाती हैं। जिसके तहत नगर निगम, नगरपालिका, वन विभाग, उद्यान विभाग, स्कूलों और निजी कॉलोनी वासियों के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है। वृक्षारोपण और उनके रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए टीम बनाई गई हैं। खास बात यह है कि प्रत्येक पौधे की जीओ टैगिंग भी की जाती है। ताजमहल के




लिए विश्व मानचित्र पर पहचाना जाने वाला आगरा जरूरी है, यहां के प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी जाना जाए, यही इस अभियान का मूल उद्देश्य है। घटते वन्य क्षेत्र और दूषित होती हवा को लेकर माननीय सुप्रीम कोर्ट बार-बार अपनी चिंता व्यक्त कर चुका है और नियमित रूप से आदेश पारित किए हैं।

इस पर हम सभी को मानवीय दायित्व समझकर कार्य करने की आवश्यकता है।

**विदेशी मेहमानों ने किया वृक्षारोपण स्थलों का दौरा**-अभियान को मॉनिटर कर रही संयोजक साक्षी अग्रवाल ने बताया कि आज सांकेतिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, बृहद स्तर पर पेड़ मानसून से पहले लगाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण के इस अभियान को देश ही नहीं, विदेशों में भी खास तौर पर सराहा जा रहा है। इसी श्रृंखला में स्वीडन से पधारे विदेशी मेहमान नदीन और ओम ने वृक्षारोपण स्थलों का दौरा कर अभियान की जानकारी लेते हुए बारीकी से अभियान को समझा। उन्होंने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण सिर्फ भारत की जरूरत नहीं है, यह आज एक वैश्विक मुद्दा है। इसके लिए इस प्रकार के सार्थक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। इस दौरान वृक्षारोपण की मुहिम ₹शक्ति ऑफ फॉरेस्ट₹ में जुटे कार्यकताओं के साथ स्नेह अग्रवाल, सतीश अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे।

# जेईई मेंस 2025 में उत्तीर्ण आर्यन और विपुल को विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित



लंभुआ सुल्तानपुर।जेईई मेंस 2025 परीक्षा के घोषित परिणाम में एस.एन. कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल लंभुआ के दो छात्रों ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। उत्तीर्ण छात्रों को विद्यालय परिवार की तरफ से सम्मानित किया।

एस.एन. कॉन्वेंट कक्षा 12 के नियमित छात्र आर्यन पाण्डेय शाहपुर चांदा एवं विपुल शुक्ला जखनी कला लंभुआ ने पहले ही प्रयास में क्रमश 94 व 93 परसेंटाइल अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। बुधवार को विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार दुबे ने आर्यन पाण्डेय और विपुल शुक्ला को सम्मानित किया। दोनों अभिभावकों को भी विद्यालय परिवार की तरफ से सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रबंधक ने कहा कि यह बच्चे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे। विद्यालय के अध्यापक सूरज त्रिपाठी, अनमोल सिंह, अन्नू पाल, सौरभ पाठक एवं पवनेश ने अपने छात्रों की उपलब्धि पर बधाई दिया। संदीप दुबे ने बताया कि दोनों उत्तीर्ण छात्र विद्यालय के नियमित छात्र हैं। बिना किसी कोचिंग के सहयोग के बच्चों ने यह उपलब्धि पाई है। यह उपलब्धि हमारे विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है।

# पीडिता ने दबंगो से परेशान होकर लगाई एसपी से गुहार

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। अंबेडकर नगर कॉलोनी पोस्ट ऑफिस कृष्णा नगर में सुमन पत्नी रवि कुमार एक सीधी साधी महिला है टीवी की बीमारी से पीड़ित अपने इलाज के लिए प्रार्थी ने 2 वर्ष पूर्व ?60000 की जरूरत थी इस कारण पास में रहने वाली महिला विमल पुत्र मुलायम सिंह से ब्याज पर ?60000 लिए थे प्रार्थी का पति मेहनत मजदूरी से ?30000 प्रतिमा के हिसाब से ब्याज के विमल को 7 लाख ?20000 चुका है चुकता रहा है किंतु आप विमल हुआ उसके परिजन के मन में बेईमानी आ गई जिसके चलते 5 दिन पूर्व विमला ने बहाने से प्रार्थी को अपने घर में बंद कर लिया और जबरन डरा धमका कर एक वीडियो बनाई जिसमें प्रार्थी के सेकलवाया गया कि उसे दिन विमल का ?600000 बकाया है उसे वीडियो के आधार पर 5 दिन से लगातार भारतीय से विमल व उसके परिजन तगादा कर रहे हैं आज दिनांक 11 2 25 को सुबह करीब 10:30 बजे विमल पाटनी मुलायम सिंह मुलायम सिंह पुत्र ना मालूम गिरीश पुत्र मुलायम सिंह सभी एकजुट होकर प्रार्थना के घर में घुसे आए और सभी ने गंदी गंदी गाली गलौज करते हुए प्रार्थी और उसके नाबालिक पुत्र को लातपुर से थप्पड़ों से बुरी तरह मारा पीटा और धमकी दी कि हमने तेरी वीडियो बना ली है और जिसके आधार पर हम दूसरे पैसा वसूल करके ही रहेंगे उक्त सभी ने प्रार्थी हैं वह उसको नाबालिक पुत्र को मारपीट कर घर से भगा दिया। पीडिता ने अब एसपी से अपनी गुहार लगाई है।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सैंया का निरीक्षण किया तथा विद्यालय में पाकशाला,भोजन गुणवत्ता, सुरक्षा व्यवस्था,साफसफाई,पठन पाठन की व्यवस्थाएं देखी तथा संबंधित को उचित दिशा निर्देश दिए। अध्यक्ष महोदया द्वारा सर्वप्रथम आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की जानकारी तलब की जिसमें बताया गया कि विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक कक्षाएं संचालित हैं, कक्षा-6 में 42,कक्षा-7 में 26 तथा कक्षा-8 में 22 कुल 90 छात्राएं नामांकित हैं, अध्यक्ष महोदया द्वारा उपस्थित तथा अनुपस्थित छात्राओं की जानकारी करने पर बताया गया कि 63 छात्राएं उपस्थिति हैं। अध्यक्ष महोदया ने मंगलवार को सर्किट हाउस जनसुनवाई में मिली शिकायत तथा पूर्व वार्डन पर छात्राओं द्वारा अच्छा व्यवहार न करने के वीडियो का



संज्ञान लेकर विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं तथा उनके अभिभावकों के साथ व्यक्तिगत बातचीत कर जानकारी ली। मा. अध्यक्ष महोदया द्वारा संपूर्ण प्रकरण की जानकारी लेने के पश्चात विद्यालय की वार्डन, पूर्व वार्डन तथा अध्यापिकाओं के पक्ष की सुनवाई कर जवाब तलब किया। आपसी गुटबाजी, अनुशासनहीनता पर सभी को कड़ी फटकार लगाई तथा अंतिम मौका देते हुए विद्यालय में भविष्य में ऐसे प्रकरण न हों सुनिश्चित करने पुनः शिकायत प्राप्त होने पर सभी का अन्य स्थान पर तबादला करने या संविदा समाप्त करने की कठोर कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। अध्यक्ष महोदया ने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों के अच्छे भविष्य तथा शिक्षा हेतु प्रयास कर रही है विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा भी उच्च गुणवत्तापूर्ण पठन पाठन पर ध्यान देना चाहिए।

मा. अध्यक्ष महोदया ने आवासीय विद्यालय की सभी छात्राओं से मुलाकात व बातचीत कर उन्हें मनोयोग से शिक्षा ग्रहण करने, आगे बढ़ने तथा अपने अभिभावकों के साथ अपने जनपद तथा प्रदेश का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया तथा विद्यालय में किसी भी समस्या हेतु उनसे व्यक्तिगत संपर्क करने की बात कही।

अध्यक्ष महोदया ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा बालिकाओं को दिए जा रहे भोजन के मेन्यू की जानकारी ली तथा रसोईघर में परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की तथा संतुष्टि जताई। मा. अध्यक्ष महोदया ने सभी कक्षाओं का भ्रमण कर पठन पाठन की व्यवस्था को भी देखा। निरीक्षण के समय नगर शिक्षा अधिकारी व प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी सुमित कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी सैंया दीपक कुमार, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा कुलदीप तिवारी सहित विद्यालय का स्टाफ तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# गरीबों का राशन लेने वाले 20 'अमीर' चिह्नित, वसूली के लिए नोटिस जारी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो .**

खैरथल : (खाद्य सुरक्षा ,गिवअप अभियान 28 तक, नाम नहीं हटाया तो 27 रु. किलो से वसूली

ये हैं योजना के अपात्रः गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा सूची की निष्कासन श्रेणी में शामिल ऐसे परिवार जिनमें कोई भी एक सदस्य सरकारी, अर्द्ध सरकारी और स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी और अधिकारी हैं। एक लाख रुपए वार्षिक से ज्यादा आय/पेंशन हो, जिसके सभी सदस्यों की कुल आय एक लाख रुपए वार्षिक से ज्यादा हो, निजी चौपहिया वाहन धारक, आयकर दाता हो शामिल हैं।



खैरथलः` खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्रता सूची में से अपात्र उपभोक्ताओं के स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए गिवअप अभियान की तिथि बढ़ा दी गई है। विभाग की ओर से राशन नहीं छोड़ने वाले 20 अपात्र उपभोक्ताओं को वसूली नोटिस जारी किया है। जिला रसद अधिकारी खैरथल राकेश सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में निर्धारित मापदंड अनुसार अपात्र व्यक्तियों का नाम हटाने के लिए संचालित अभियान की अंतिम तिथि 28 फरवरी कर दी गई है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में चयनित ऐसे परिवार जो निष्कासन श्रेणी में आते हैं तो वे तुरंत संबंधित उपखंड कार्यालय अथवा जिला रसद कार्यालय में उपस्थित होकर गिवअप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना में से स्वेच्छा से नाम हटाने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। 28 फरवरी के बाद अपात्र प.रिवारों के विरुद्ध खाद्य विभाग 27 रुपए किलो के हिसाब से वसूली करेगा। सोनी ने बताया कि विभाग की ओर से अपात्र लोगों की ओर से राशन का गेहूं नहीं छोड़ने पर वसूली नोटिस जारी किये जा रहे है

# श्मशान घाट की भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन



**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी-नैनवां क्षेत्र के बालापुरा पंचायत के करीरी गांव में श्मशान घाट की भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि बालापुरा पंचायत के करीरी गांव में बैरवा समाज के श्मशान भूमि पर दबंगों ने अतिक्रमण कर रखा है। इससे शव को ले जाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। श्मशान घाट के आसपास सिवायचक भूमि है जिस पर दबंगों ने अतिक्रमण कर रखा है। इससे श्मशान जाने वाला रास्ता अवरुद्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही श्मशान भूमि से अतिक्रमण हटवाकर आसपास की सिवायचक भूमि को बैरवा समाज के श्मशान घाट के नाम पर अलॉट करने की मांग की है। इस मौके पर अशोक बैरवा, मनोज बैरवा, छीतर बैरवा, संजय बैरवा, मुकेश बैरवा, अजय बैरवा, विमल बैरवा, बृजमोहन बैरवा, बाबूलाल बैरवा, मदन बैरवा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अलवर मेवात शिक्षा विकास संस्था का संवाद

## बालिकाओं को प्रेरित करने के लिए कलेक्टर ने साझा किए अनुभव



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-तिजारा, 12 फरवरी। अलवर मेवात शिक्षा विकास संस्था द्वारा ₹बेहतर कल के लिए पहल₹ कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला कलेक्टर ने अलवर मेवात शिक्षा विकास संस्थान कि 34 बालिकाओं से संवाद किया।

कलेक्टर किशोर कुमार ने बालिकाओं से बातचीत करते हुए कहा कि ₹आज मुस्लिम बालिकाओं को उच्च शिक्षा की ओर बढ़ता देख गर्व महसूस हो रहा है।₹ उन्होंने शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने सभी बालिकाओं से उनके लक्ष्य और समस्याओं के बारे में चर्चा की। बालिकाओं ने अपनी शिक्षा से जुड़ी कठिनाइयों को साझा किया, जिस पर कलेक्टर ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

जिला कलेक्टर ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम जिन पदों पर हैं, कल आप भी इन पदों पर बैठ सकती हैं। बस आपको पूरी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करनी होगी। उन्होंने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे हम अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। उन्होंने टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करने और लक्ष्य निर्धारित करने पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं ने जिले के कई प्रशासनिक अधिकारियों से सीधे संवाद कर अपने अनुभव साझा किए और अपने करियर को लेकर नई प्रेरणा ली। अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे किसी भी कठिनाई में प्रशासन की मदद ले सकती हैं और शिक्षा के माध्यम से अपने सपनों को साकार कर सकती हैं।

इस आयोजन ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया, जिससे वे भविष्य में समाज के लिए एक प्रेरणा बन सकें।

# कार्यक्रम:बैंक ऑफ इंडिया की 96वीं शाखा का हुआ शुभारंभ



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो .**

खैरथल :शहर के नासीराबाद रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के नये शाखा परिसर का बुद्धवार को बैंक के आंचलिक प्रबंधक एस. श्रीवास्तव ने उद्घाटन किया।

इस अवसर पर आंचलिक प्रबंधक ने कहा कि ग्राहक ही हमारे बैंकिंग व्यवसाय का आधार हैं। बीओआई के साथ मजबूत संबंधों के लिये ग्राहकों के प्रति उन्होंने आभार जताया तथा कहा कि ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवायें देने के लिये बीओआई प्रतिबद्ध है। इस ओर ग्राहक सेवा समिति तथा ग्राहक संपर्क कार्यक्रम के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर सेवा देते हैं। उन्होंने कहा कि महिला ग्राहकों को सम्मान देने के लिये हमने महिला सम्मान बचत पत्र शुरू किया है तथा इसके लिये देश की सभी शाखाओं को अधिकृत किया गया है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि पूर्व चैयरमैन एवं व्यवसायी अशोक डाटा, विशिष्ट अतिथि संतोष गुप्ता,सुभाष गोयल,दीनदयाल गुप्ता, संतु गुप्ता मौजूद रहे बीओआई शाखा प्रबंधक खैरथल राजेन्द्र यादव ने कहा कि अटल पेंशन योजना समेत सामाजिक सुरक्षा एवं बीमा योजनाओं के अलावे बैंक की कारपोरेट सामाजिक दायित्वों के तहत किये जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# किशोरपुरा में संत रविदास जयंती मनाई




**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं चंवरा। किशोरपुरा के मेघवाल बस्ती स्थित शिव मंदिर परिसर में संत रैदास जयंती मनाई गई। संत शिरोमणि रविदास महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। नवयुवक मंडल के मुख्य सचिव सुरेन्द्र कायल के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अरविंद गूगल, विनोद मास्टर, मदन लाल मेघवाल, सहित कई लोग मौजूद रहे।

# महीसागर' में उमड़ा 'जनसागर', बेणेश्वर धाम मेले में पहुंचे तीन लाख श्रद्धालु, किया पवित्र स्नान



बांसवाड़ा। पालकी यात्रा में भक्तों ने महंत अच्युतानंद महाराज को कंधों पर उठाकर नदी स्नान करवाया और भजन-कीर्तन के साथ हरि मंदिर तक यात्रा निकाली। मेले में झूले, चकरी, दुकानों और पारंपरिक भोजन का श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। यह पंचमी तक जारी रहेगा।

माही, सोम और जाखम नदियों के जल संगम तीर्थ राजस्थान के प्रयाग बेणेश्वर धाम पर बुधवार को माघ पूर्णिमा पर वार्षिक मेले में लगभग तीन लाख श्रद्धालु उमड़े। भोर होने के साथ बेणेश्वर धाम पहुंचे श्रद्धालुओं की रेलमपेल दिनभर बनी रही। रात्रि में भी मेला पूरे परवान पर रहा।

बेणेश्वर धाम पर राजस्थान के बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, उदयपुर जिलों के साथ ही मध्य प्रदेश और गुजरात से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने जल संगम तीर्थ पर आबूदरा में पवित्र स्नान किया। भगवान बेणेश्वर के दर्शन किए। इसके बाद अपने दिवंगत परिजनों की अस्थियों को भावुक मन से जल में प्रवाहित किया। श्रद्धालुओं ने नदी के तट के समीप ही खुली जगह पर दाल-बाटी बनाकर परिजनों के साथ सामूहिक रूप से ग्रहण किया।

पालकी यात्रा का उत्साह

इधर, साबला स्थित हरि मंदिर से बेणेश्वर धाम के पीठाधीश्वर महंत अच्युतानन्द महाराज की पालकी यात्रा का अपार उत्साह रहा। संत मावजी महाराज और बेणेश्वर धाम के जयकारों के बीच माव भक्तों ने महंत के संग पवित्र स्नान किया। महंत को कंधों पर बिठाकर पालकी तक ले गए। इसके उपरांत सुसज्जित पालकी में महंत को बिठाकर भक्त शंख ध्वनि की गूंज के बीच भजन-कीर्तन करते हुए पुनः पांच किलोमीटर दूर साबला हरिमंदिर पहुंचे।

मेले का आनंद, जमकर खरीददारी

वार्षिक मेले में पहुंचे लोगों ने यहां लगी दुकानों पर अपनी आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की खरीदारी की। मेलार्थियों ने झूले-चकरी, डोलर में झूलने का भी जमकर लुत्फ उठाया। मेला पंचमी तक चलेगा।

## नशा तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 27.10 ग्राम हेरोइन बरामद, तीन तस्कर और एक सप्लायर गिरफ्तार

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो .**

हनुमानगढ़ । पुलिस जांच में पता चला कि हरियाणा के मंडी आदमपुर से पवन कुमार इन तस्करों को हेरोइन की सप्लाई करता था। पवन एक हत्या के मामले में भी वांछित था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

हनुमानगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन नशा तस्करों और एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 27.10 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की है। थानाधिकारी गजेंद्र और उनकी टीम ने 12 फरवरी को क्रेटा कार से तीन आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में अमृता



(30), साहबराम (34), सोनू सिंह (30) और पवन कुमार (26) शामिल हैं।

जांच में पता चला कि साहबराम और अमृता लिव-इन रिलेशनशिप में रहकर लंबे समय से नशा तस्करी का नेटवर्क चला रहे थे। साहबराम के खिलाफ बीकानेर रेंज में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं और वह महाजन थाने में मारपीट के एक मामले में वांछित है।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि हेरोइन की सप्लाई हरियाणा के मंडी आदमपुर से पवन कुमार करता था। डीएसटी की टीम ने पवन को गिरफ्तार कर हनुमानगढ़ जंक्शन पुलिस को सौंप दिया। पवन आदमपुर मंडी थाने में एक हत्या के मामले में वांछित चल रहा है।

उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही पुलिस ने सिकलीगर मोहल्ला और बरकत कॉलोनी में छापेमारी कर 21 लोगों को गिरफ्तार किया था। उस दौरान अमृता फरार हो गई थी, जिसे अब गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# जंगल में छिपा रखे थे चोरी के वाहन, कोतवाली थाना पुलिस ने 15 बाइकें बरामद की, एक गिरफ्तार

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो .**

चित्तौड़गढ़ । पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए इंडियन बैंक के बाहर से चोरी हुई बाइक के मामले में आरोपी को पकड़ा। आरोपी प्रभुलाल गुर्जर पर पहले से ही वाहन चोरी के सात मामलों में चालान हो चुका है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है। चोरी की अन्य वारदातों को लेकर भी उससे पूछताछ की जा रही है।

शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए राजसमन्द जिले निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसकी निशादेही से चोरी की 15 बाइक बरामद की हैं। आरोपित ने यह बाइक चित्तौड़गढ़ जिले सहित भीलवाड़ा, पाली, राजसमन्द,



ब्यावर जिले से चोरी की थी। आरोपित के खिलाफ पूर्व में भी वाहन चोरी के सात मामलों में चालान हो चुका है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर सौंपा हैं।

पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि गत शनिवार को शहर के इंडियन बैंक के बाहर से मान्दलदा निवासी गौरीलाल पुत्र मांगीलाल गुर्जर की बाइक अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए थे। इस पर कोतवाली चित्तौड़गढ़ थाने पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। कोतवाली थाने की गठित टीम ने शहर में लगे सीसी टीवी फुटेज का विश्लेषण कर तकनीकी साक्ष्य जुटाए। चोरी के मामले में आरोपित राजसमन्द जिले के देवगढ़ थाने के घाटी निवासी प्रभु लाल पुत्र सुआ लाल गुर्जर को बाइक के साथ गिरफ्तार किया।

पिुलिस पूछताछ में आरोपित प्रभुलाल गुर्जर ने अन्य स्थानों पर भी वारदात स्वीकार की। पूछताछ के बाद इसकी निशादेही से चोरी की 15 बाइक दुर्ग के पीछे जंगल से बरामद की। इसमें से एक बाइक चित्तौड़गढ़ से व अन्य 14 बिना नंबरी बाइक भीलवाडा, राजसंमद, ब्यावर, पाली जिलो के अलग अलग स्थानो से चोरी की थी। मामले में गिरफ्तार आरोपित प्रभुलाल गुर्जर पुलिस अभिरक्षा में है। इसके विरूद्ध पूर्व में वाहन चोरी के अलग-अलग थानों में प्रकरण दर्ज हो न्यायालय में चालान हुआ है।

### मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की है जरुरत, अबतक के जनप्रतिनिधि समेत केन्द्र व

# राज्य सरकारें भी स्थापित करने में रहे नाकाम, हेमन्त सरकार



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन- 2024 के नतीजे के पश्चात बहुमत के सरकार बने हेमन्त सरकार 2.0 पर झारखण्ड वासियों का हृदय की आशाओं में आकांक्षित है कि कहीं न कहीं हेमन्त सरकार 5 साल के दौरान राज्य की दिशा व दशा बदल कर रख देंगे। वही बीते रघुवर सरकार में कई उर्दू विद्यालय को निरस्त करते हुए जनरल विद्यालय में तब्दील कर दिया गया था जो हेमन्त सरकार के द्वारा पुनः चालू करने की आस अल्पसंख्यकों अन्य में जगजाहिर है। जिसके लिए पहल करने वाले इच्छा शक्ति की जरूरत है। वही राजमहल क्षेत्र की बात करे तो संथाल परगना प्रमण्डल में आता है और गठबंधन के तहत बीते कार्यकाल में राजमहल संसदीय क्षेत्र से 4 विधायक झामुमो के और एक कांग्रेस कोटे से रहा, जबकि राजमहल संसदीय क्षेत्र के बरहेट विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे हेमन्त सोरेन मुख्यमंत्री व पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे आलामगीर आलम ग्रामीण विकास मंत्री, संसदीय कार्य मंत्री व पंचायती राज मंत्री की उपल्ब्धि हासिल कर चुके हैं। जबकि वर्तमान हेमन्त सरकार 2.0 में भी राजमहल संसदीय क्षेत्र के छः विधानसभा महागठबंधन के खाते में आया और पुनः बरहेट विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाये विधायक हेमन्त सोरेन मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाले हुए हैं। जबकि सांसद विजय हसदा भी राजमहल संसदीय क्षेत्र से ही हैट्रिक लगाने में कामयाब रहे हैं। मगर गौरतलब हो कि राजमहल संसदीय क्षेत्र से सांसद तो हैट्रिक लगाये हैं ही, बल्कि कई विधायक भी हैट्रिक लगा चुके हैं और फिर हेमन्त सरकार 2.0 में राजमहल संसदीय क्षेत्र के बरहेट विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाये हेमन्त सोरेन मुख्यमंत्री भी हैं। जिससे राजमहल संसदीय क्षेत्र के पाकुड़, महेशपुर, लिट्टीपाड़ा, बरहेट, बोरियो समेत राजमहल विधानसभा क्षेत्र के आम-जनों में एक सकारात्मक अवयवों को दशार्या है कि शायद वर्तमान हेमन्त सरकार 2.0 कहीं न कहीं आमजनों की सुविधार्थ में बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की स्थापना निश्चित रूप से कर सकते हैं, जिसकी चर्चा भी जगजाहिर है। आम-जनों से लेकर बुद्धिजीवियों में चर्चा का माहौल तो है ही, स्थानीय विधायकों ने भी अपने - अपने क्षेत्र में बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था उपलब्ध कराने में हर पहलूओं पर ध्यान केन्द्रित करता हुआ नजर आ रहा है। जबकि कलमकार भी अखबारों के पन्नों में सुर्खियां बटोरने की अवयवों को तलाश रही है कि शायद ऐसा उम्दा पंक्ति सियाही की नजाकत को दशार्ने का मौका पेश हो। मगर गौरतलब हो कि अबतक ऐसे कोई अवयव तत्काल परिभाषित करने की प्रयास हृदय की टपकते आंखों की आंसू सियाही की नजाकत को दशार्ने का प्रयास करने के बावजूद भी अबतक सपनों की तलाश में ही अग्रसारित है। बाहरेहल जो भी हो अबतक के सभी केन्द्रीय सरकारें समेत राज्य सरकारें भी राजमहल संसदीय क्षेत्र वासियों की सुविधार्थ में बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था कायम करने की दिशा में मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल स्थापित करने में नाकाम ही रहे। मगर हेमन्त सरकार 2.0 पर पाकुड़, महेशपुर, लिट्टीपाड़ा समेत अन्य विधानसभा क्षेत्र वासियों का हृदय की एहसास में आशा की किरणें उत्पन्न हो रही है कि शायद हेमन्त सरकार बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल स्थापित करने में अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। जिससे इलाज के लिए क्षेत्र वासियों को अन्यत्र या फिर पश्चिम बंगाल या दक्षिणी राज्यों का मोहताज नहीं होना पड़ेगा। गौरतलब हो कि वर्तमान हेमन्त सरकार 2.0 महागठबंधन के तहत पूर्ण बहुमत हासिल प्राप्त सरकार है जो वादे के मुताबिक मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार के बजाय ढाई हजार महिलाओं के सम्मानार्थ में उनके खाते में पहली कैबिनेट में ही निर्णय लेते हुए हस्तांतरित किया है। और वर्तमान हेमन्त सरकार 2.0 पर चुनावी वादे के मुताबिक उच्च शिक्षा व्यवस्था व बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था उपलब्ध कराने की अहम जिम्मेदारियां भी जगजाहिर है। अब देखना है कि किस हद तक हेमन्त सरकार धरातल पर बास्तविक स्वरूप चरितार्थ करने में कामयाब हो रहे हैं।

# फुटबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता के समापन पर पहुंचे विधायक, बढ़ाया होंसला



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़िया प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत लागडूम पंचायत के तलवा गांव में आदिवासी यूनाइटेड क्लब की ओर से आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले के बतौर मुख्यातिथि महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाये विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए फाइनल फुटबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। वही तीन दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट प्रतियोगिता के फाइनल प्रतियोगिता में एफसी कृष्णाराज टीम की खिलाड़ियों ने अपना प्रतिभा निखरते हुए दर्शकों का ध्यान अपनी और आकर्षित करने में कामयाब रहे। साथ ही तीन गोल से महुलपहाड़ी पंचायत के टीम को पराजित किया। वही बतौर मुख्यातिथि महेशपुर विधायक प्रो स्टीफन मरांडी ने विजेता टीम को राशि 70000 रुपया नगद देकर पुरस्कृत किया। महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाये विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में फुटबॉल खेल बहुत ही लोकप्रिय है, इसीलिए खिलाड़ी कड़ी मेहनत करते हुए राज्य और देश का नाम रौशन करे, फुटबॉल में बेहतर खेलने वाले खिलाड़ी को झारखण्ड तथा देश में खेलने का अवसर मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि हार से किसी को निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें कड़ी मेहनत के साथ बेहतर खेल का प्रदर्शन करना चाहिए। आपको बता दे इस तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता के बतौर मुख्यातिथि महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी समेत पाकुड़ जिला परिषद अध्यक्ष जुली खिष्टमणी हेम्ब्रम व झामुमो संयोजक मंडली के सदस्य हरिवंश चौबे अन्य के पहुंचते ही आयोजकों के द्वारा उनकी परंपरागत आदिवासी रीति- रिवाज से जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। मौके पर देबीलाल हंसदाक, संयोजक मंडली सदस्य मोतीलाल हांसदा, मैनुद्दीन अंसारी, मुखिया बिमला बास्की, झामुमो वरिष्ट नेता महेन्द्र टुडू, शिवधन हेमब्रम सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुस्तकालय समिति की हुई बैठक



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते मंगलवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने गोपनीय कार्यालय कक्ष में जिला नियोजनालय परिसर, पाकुड़ में अवस्थित पुस्तकालय हेतु पुस्तक क्रय के लिए पुस्तकालय समिति की बैठक की। बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि बेरोजगार उम्मीदवारो के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु नियोजनालय में एक पुस्तकालय का संचालन किया जाता है। इसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पुस्तकों का क्रय किया जाना है, ताकि गरीब बेरोजगार युवक इन पुस्तकों की सहायता से परीक्षा की तैयारी कर सके। इस क्रम में पुस्तकों की सूची को समिति के समक्ष रखा गया। जिसपर समिति के सदस्यों ने अपना अनुमोदन दिया। उपायुक्त ने इसमें कुछ और पुस्तकों को सम्मिलित करने का सुझाव दिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि इस पुस्तकालय के संबंध में स्कूल / कॉलेज के बच्चों को अवगत कराये, ताकि वे इसका अधिक से अधिक लाभ उठा सके। आपको बता दे जिला प्रशासन की ओर से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी कराई जा रही है। इस हेतु नये संस्करण की पुस्तकें उपलब्ध कराने पर सहमति दी गई है।

# झामुमो की सदस्यता अभियान के तहत आफताब आलम ने दिलाया सदस्यता



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झामुमो की सदस्यता अभियान के तहत अमड़ापाड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत पचुवाड़ा पंचायत के बाधकोय खुर्द गांव में झामुमो के पाकुड़ जिला सोशल मीडिया सदस्य आफताब आलम व सक्रिय कार्यकर्ता महेश हांसदा के द्वारा सदस्यता अभियान चलाकर दर्जनों महिलाओं व पुरुषों को पार्टी की सदस्यता दिलाया गया। इस दौरान सदस्यता ग्रहण किये

### अभियान चलाकर दर्जनों महिलाओं व पुरुषों को पार्टी की सदस्यता दिलाया

झामुमो के नये सदस्यों ने कहा कि झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की विचारधारा से प्रभावित होकर ही झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया। पार्टी की जो भी गाइडलाइन रहेगा, उसे अक्षरशः पालन करने का प्रयास करेंगे।

# युवा नेत्री उपासना मरांडी ने उर्स फातिहा के शुभ मुहूर्त पर की क्षेत्र वासियों के लिए सलामती की दुआ



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़िया प्रखण्ड क्षेत्र के डोमनगड़िया में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बुधवार को जय बांग्ला बूढ़ा बाबा मजार पर उर्स फातेहा का आयोजन किया गया। उर्स फातिहा के शुभ अवसर पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की युवा नेत्री उपासना मरांडी उर्फ पिंकी ने चादरपोशी की। साथ ही विधानसभा सहित पूरे प्रदेश वासियो के लिए अमन-चैन और तरक्की- उन्नति की दुआ मांगी। इस दौरान झामुमो के प्रखण्ड संयोजक मंडली सदस्य सह- मजार कमेटी के अध्यक्ष नजरुल इस्लाम, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष इस्लाम मियां, जाफरुद्दीन अंसारी, नयाजुद्दीन मियां, सैफुल अंसारी, जुलकर अंसारी एवं? मजार के खदिम गुमानी मियां उपस्थित थे। मजार के अध्यक्ष ने बताया कि इस बाबा के दरबार में बहुत दूर- दराज से लोग अपने मन्नत पूरा करने आते हैं तथा उर्स के शुभ अवसर पर रात भर महफिले समा का आयोजन किया जाता है। मौके पर प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष इस्लाम मियां समेत अन्य मौजूद रहे।

# उपायुक्त के आदेशानुसार चलाया गया वाहन जांच अभियान



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त, पाकुड़ एवं पुलिस अधीक्षक पाकुड़ के आदेशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी पाकुड़ के नेतृत्व में 12 फरवरी 2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05; 25 बजे तक महेशपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत महेशपु-रपाकुड़- मुराराई मुख्य सड़क पर परिवहन होने वाले सभी दो पहिया एवं व्यावसायिक वाहनों जो बिना हेलमेट, बिना इन्शुरेंस, रजिस्ट्रेशन, बगैर नम्बर प्लेट के, ओवर पैसेंजर, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बॉडी अल्टरेशन (अतिरिक्त रूप से जोड़े गए डाला एवं एंगल) वाहन का परिवहन करने जैसे एवं अन्य का उलंघन करने को लेकर वाहन का जांच अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग 31 वाहनों का जांच किया गया एवं जांच के क्रम मे लगभग 31 वाहनों से मोटरवाहन अधिनियम का उलंघन करने तथा अवैध वाहन का परिवहन करने की विभिन्न धाराओं मे उल्लंघन करते हुए पकड़े गये इन सभी 31 वाहनों से जुमार्ने की राशि के तौर पर लगभग 63650 रुपया ऑनलाइन ई--पॉस मशीन से ऑन लाइन चालान निर्गत किया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान 23 मोटरसाईकिल, 07 टोटो, 01 पिकअप वैन की जांच की गई थी। वाहन जांच अभियान में थाना प्रभारी महेशपुर, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक, जिला परिवहन कार्यालय पाकुड़ एवं परिवहन विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# बेटे की शहादत पर बिलख उठी मां, राज्यपाल भी पहुंचे, शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी को श्रद्धांजलि

रांची। शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी का रो–रो कर बुरा हाल हो चुका है। लोगों की आखें नम है। आज झारखंड में शहीद कैप्टन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक भावपूर्ण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगावर और मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने शहीद कैप्टन को श्रद्धांजलि दी।



जम्मू–कश्मीर के अखनूर सेक्टर में संदिग्ध आईईडी विस्फोट में शहीद हुए कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए झारखंड में एक भावपूर्ण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सैनिकों और अधिकारियों ने शहीद के बलिदान को सम्मानित किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कैप्टन की शहादत पर उनकी मां का भी रो–रो कर बुरा हाल हो चुका है। बता दें कि कैप्टन बख्शी अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण के साथ अपनी जान की आहुति दी। कैप्टन के इस बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

झारखंड में आयोजित भावपूर्ण समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगावर पहुंचे। जहां उन्होंने शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद राज्यपाल ने कहा कि, झारखंड सरकार सक्रियता से काम कर रही है और झारखंड को कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी के बलिदान पर गर्व है। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।

**मंत्री राधा कृष्ण ने व्यक्त किया संवेदना**

झारखंड के मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने भी कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी की शहादत पर दुख व्यक्त किया है और पूरा मंत्रिमंडल इस घटना से बहुत दुखी है। साथ ही, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहीद कैप्टन के सर्वोच्च बलिदान पर गर्व महसूस करती है और शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी है, यानी राज्य सरकार परिवार को हर संभव सहायता देने का आश्वासन देती है। बता दें कि अखनूर सेक्टर में मंगलवार को भारत–पाकिस्तान सीमा पर नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आईईडी ब्लास्ट में कैप्टन समेत दो जवान बलिदान हो गए। एक जवान घायल है। उन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बलिदान जवानों की पहचान सेना की 9 पंजाब रेजिमेंट के कैप्टन केएस बख्शी और नायक मुकेश कुमार के रूप में हुई है। धमाका आतंकियों की साजिश बताई जा रही है।

### डीबीएल कोल कम्पानी के प्रतिनिधियों ने ली फाइलेरिया रोधक दवा

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त पाकुड़ के निदेर्शानुसार अमड़ापाड़ा स्थित आलू बेड़ा स्थित डीबीएल सेन्ट्रल कोल माइंस के कैंप कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित शिविर में कोल कम्पानी के अधिकारी समेत कर्मियों ने फाइलेरिया निरोधी दवा का सेवन किया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाए जा रहे फाइलेरिया मुक्त अभियान को लेकर आयोजित इस शिविर में उम्र के हिसाब से कोल कम्पानी के कर्मियों को दवा का सेवन कराया गया। इस अवसर पर कम्पानी के जनरल मैनेजर परमानंद चंदेल, माइंस मैनेजर भावेश कुमार दिवाकर, बरीय मैनेजर राजकुमार डोडा, एच आर हेड मैनेजर प्रिंस कुमार, लाइजनिंगमैनेजर जेपी राय, संजय दास सहित डीबीएल ब भीपीआर कम्पानी के अन्य कमीर्यों ने फाइलेरिया रोधक दवा ली।




# 100 दिन का 'एक्शन प्लान': दिल्ली में नई सरकार के गठन से पहले मुख्य सचिव की बैठक, सभी विभागों को 15 दिन का समय

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

**नई दिल्ली ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली। जिसके बाद अब राजधानी में नई सरकार के गठन की तैयारी चल रही है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। इस बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों से 100 दिन का एक्शन प्लान तैयार करने को कहा गया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद नई सरकार के गठन की कवायद जारी है। इस बीच सरकार बनने से पहले दिल्ली सचिवालय में अधिकारी एक्शन मोड में हैं। दिल्ली के मुख्य सचिव ने अधिकारियों के साथ अहम




बैठक की है। सभी विभागों से 100 दिन का एक्शन प्लान तैयार करने को कहा है।

भाजपा के विकसित दिल्ली संकल्प पत्र 2025 के मुताबिक, एक्शन प्लान तैयार करने का आदेश अधिकारियों को मिला है। 100 दिन के एक्शन प्लान को सभी विभाग 15 दिन के भीतर तैयार करेंगे। 13 फरवरी से पहले सभी विभाग महीने वार तरीके से 100 दिन का एक्शन प्लान बनाएंगे।

बताया जा रहा है कि अब तक केंद्र सरकार की ऐसी योजना जो दिल्ली में लागू नहीं हो पाई थी उसके ऊपर एक्शन प्लान तैयार किए जाएंगे। इसमें सबसे प्रमुख आयुष्मान भारत योजना भी है।

वहीं दिल्ली में जलभराव रोकने के लिए ड्रेनेज की सफाई के लिए एक्शन प्लान तैयार करने की तैयारी हो रही है। विभिन्न कमेटियों में अध्यक्ष या उपाध्यक्ष कहां- कहां खाली हैं और इसमें कितने पद खाली पड़े हैं। इसकी भी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन तैयार कर के रखिए।

# दूर-दूर 'झाड़ू' और 'हाथ': कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने बताई चुनाव में हार की वजह

## आम आदमी पार्टी कहां तक जिम्मेदार

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के विधानसभा चुनाव में 26 साल बाद भाजपा ने वापसी की है। चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार और भाजपा की जीत के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित का बड़ा बयान सामने आया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार और भाजपा की जीत के बाद कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने किसी को हराने के लिए वोट नहीं दिया, बल्कि अरविंद केजरीवाल को हटाने का



फैसला पहले ही कर लिया था।

आगे कहा कि अगर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस साथ मिलकर चुनाव लड़ते तो भी नतीजे अलग नहीं होते, बल्कि और भी बुरे हो सकते थे। जनता ने यह ठान लिया था कि अरविंद केजरीवाल को सत्ता से बाहर करना है। अगर उनके साथ सात-आठ क्या 10 पार्टियां भी आ जातीं तो भी वे हारते। उन्होंने अरविंद केजरीवाल की हार के पीछे उनके कुशासन और भ्रष्टाचार को मुख्य कारण बताया।

**'बीते तीन सालों में आप ने किए गलत काम'**

संदीप दीक्षित ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार ने पिछले तीन वर्षों में कई गलत काम किए, जिनकी वजह से जनता ने उनके खिलाफ वोट डाला। अगर उन्हें सत्ता में बने रहना था, तो उन्हें हमारी पार्टी (कांग्रेस) को गाली नहीं देनी चाहिए थी। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि केजरीवाल सरकार की नीतियों और भ्रष्टाचार को लेकर जनता में गुस्सा था, जिसका नतीजा चुनाव में देखने को मिला।

**'कांग्रेस को गालियां देना बंद करें'**

उन्होंने कहा कि अगर केजरीवाल को इस हार से बचना था, तो उन्हें गलत काम करने से बचना चाहिए था। विपक्ष और कांग्रेस नेताओं को गालियां देना बंद करना चाहिए था। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और जनता ने उन्हें सबक सिखा दिया। कांग्रेस को इस चुनाव में एक भी सीट नहीं मिलने पर संदीप दीक्षित ने कहा कि पार्टी ने जो मुद्दे उठाए, उससे ह्यएंटी-आपह्न माहौल बना। हमने जनता के बीच आम आदमी पार्टी सरकार के भ्रष्टाचार के मुद्दे उठाए।

**इस वजह से दिल्ली में हारी 'आप'**-भाजपा ने शीशमहल और कुछ अन्य मुद्दे उठाए, लेकिन सिर्फ इनसे सरकारें नहीं बदलतीं। इस बार लोगों ने आम आदमी पार्टी के कुशासन और भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट दिया है। संदीप दीक्षित ने इस बात को भी खारिज कर दिया कि अगर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन में होते, तो चुनाव परिणाम अलग होते। उन्होंने कहा कि जनता पूरी तरह केजरीवाल सरकार के खिलाफ थी और उसे हटाने का फैसला कर चुकी थी।

# दिल्ली-एनसीआर में सूरज दिखा रहा तेवर: अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान बढ़ा, कल आसमान रहेगा साफ, दिन में बढ़ेगी गर्मी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली । बुधवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 26.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कुछ इलाकों में तापमान 27 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पीतमपुरा में सबसे अधिक तापमान रहा।

राजधानी में अधिकतम तापमान के साथ न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो रही है। सूरज के तेवर दिन-प्रतिदिन कड़े होते जा रहे हैं। ऐसे में लोग ठीकठाक गर्मी का अहसास कर रहे हैं। आलम यह है कि दिन में गर्मी से लोगों के पसीने छूट रहे हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 26.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कुछ इलाकों में तापमान 27 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पीतमपुरा में सबसे अधिक तापमान रहा। यहां अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, रिज में 27, आया नगर में 26.8, लोधी रोड में 26.2 व पालम में अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री रिकॉर्ड किया।

सुबह के समय अच्छी ठंड है। दिन में गर्मी चुब रही है, जबकि शाम को हल्की



ठंड का अहसास हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान के साथ न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि होनी शुरू हो गई है। न्यूनतम तापमान सामान्य 1.4 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 11.6 डिग्री दर्ज किया गया। लोधी रोड में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्र के मुताबिक सबसे कम दर्ज किया गया। यहां न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, पालम में 12, रिज और आया नगर में 12.2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

आज भी होगा गर्मी का अहसास-मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि बृहस्पतिवार को सुबह में हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान है। मुख्यतः आसमान साफ रहेगा। दिन में कभी-कभी तेज हवाएं (20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति) चलने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 26 और 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार लगातार तापमान बढ़ने का मुख्य कारण लंबे से समय से जारी शुष्क मौसम, धीमी सतही हवा और पश्चिमी हिमालय पर कमजोर पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव है।

हालांकि, बुधवार रात पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने की संभावना है, जिससे 13 से 15 फरवरी के बीच पहाड़ों पर मौसम साफ हो जाएगा। इस मौसम प्रणाली के प्रभाव से ठंडी उत्तर-पश्चिमी हवा चलेगी, जिससे तापमान में अंतर आएगा और निचले स्तर की हवा तेज होगी। अगले तीन दिनों में तापमान के और अधिक बढ़ने की संभावना नहीं है। बल्कि, इस दौरान अधिकतम तापमान 2 डिग्री से 3 डिग्री सेल्सियस तक कम हो सकता है।

# इनोवेटिव इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में इन्ट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन




एनपीटी ब्यूरो

**गाजियाबाद।** इनोवेटिव इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में 12 फरवरी को इन्ट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. संतोष कुमार तिवारी, संस्थान के प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय पांडेय, विभागाध्यक्ष डॉ. आशा रानी और अकादमिक निदेशक डॉ. तितिक्षा शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरूआत में प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय पांडेय ने हिंदी भाषा में मूट कोर्ट प्रतियोगिता के आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी में मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित करने से विधि के छात्रों को अपनी अभिव्यक्ति और अधिवक्ता कौशल को निखारने में मदद मिलेगी।

मुख्य अतिथि डॉ. संतोष कुमार तिवारी ने मूट कोर्ट प्रतियोगिता के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे छात्रों के व्यावहारिक कानूनी ज्ञान के विकास का महत्वपूर्ण साधन बताया। उन्होंने इस तरह की प्रतियोगिताओं को कानूनी शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा बनाने पर भी जोर दिया।

अकादमिक निदेशक डॉ. तितिक्षा शर्मा ने विधिवत रूप से प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. आशा रानी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस प्रतियोगिता में कुल 26 मूट कोर्ट टीमों ने भाग लिया। विशेष रूप से एलएलबी और बीए एलएलबी के प्रथम वर्ष के छात्रों को प्राथमिकता दी गई।

प्रतियोगिता का फाइनल राउंड और समापन समारोह 13 फरवरी को आयोजित होगा, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता और न्यायाधीश निर्णायक होंगे।

# समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला एवं महानगर कार्यकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन

एनपीटी ब्यूरो

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी जनपद गाजियाबाद कार्यालय पर जिला एवं महानगर कार्यकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट द्वारा की गई इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एवंम महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने सभी कार्यकताओं से कहा जनपद में हो रही ढ़ऊअ जन पंचायत अपने - अपने क्षेत्र में करें । और आने वाले 2027 के चुनाव में समाजवादी सरकार बनाने के लिए कार्य करें । साथ ही सभी कार्यकताओं को जनता के बीच जाकर पीडीए चर्चा कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। मासिक बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे



जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट जिला महासचिव नितिन त्यागी महानगर महासचिव राजन कश्यप प्रदेश सचिव धर्मवीर डबास जिला उपाध्यक्ष प्रवेश चौधरी जिला उपाध्यक्ष संजीव चौधरी जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित महानगर उपाध्यक्ष गुलाब यादव राष्ट्रीय महासचिव युवजन सभा अमन यादव साहिबाबाद विधानसभा अध्यक्ष अवतार सिंह मोदीनगर विधानसभा अध्यक्ष देवदत्त धामा युवजन सभा जिला अध्यक्ष जीतू पंडित युवजन सभा महानगर अध्यक्ष ठाकुर विक्की सिंह यूथ बिग्रेड जिला अध्यक्ष इरफान अमानत चौधरी छात्र सभा जिला अध्यक्ष अंशु ठाकुर मधु चौधरी प्रदेश महासचिव महिला सभा अल्पसंख्यक सभा महानगर अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास हैदर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष अरुण यादव सैनिक प्रकोष्ठ महिला सभा महानगर अध्यक्ष किरण कालिया अध्यक्ष कैप्टन सतपाल सिंह यादव पिछड़ा वर्ग प्रदेश सचिव ताहिर हुसैन रविंद्र यादव नवीन कुमार शर्मा गौरव तिवारी खालिद बुखारी गुल मोहम्मद मंसूरी भारत यादव गुड्डू यादव साकिर हुसैन अकरम सलमानी आरिफ सलमानी अमित बालियां अनीता चौधरी नरेश कुमार बत्रा कृष्ण कुमार यादव सोनू सैनी मुस्तफा खान युवा जनसभा महानगर उपाध्यक्ष मोहम्मद निसार कसार पुनीत वर्मा दीनू खान मोहित कौशिक कमलेश यादव साजिद सैफी मुकेश यादव वसीम बाबू एडवोकेट वरिष्ठ सपा नेता रमेश चंद्र यादव एडवोकेट ललित यादव सूरज भारद्वाज अमित चौधरी संजय यादव आदि लोग उपस्थित रहे

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।